खबरों की दुनिया में आपका भरोसेमंद साथी

- वर्ष: 1
- अंक: 76
- पृष्ठ: 8
- मूल्य: ₹2.00

# दैनिक ज़ूम न्यूज़ राजस्थान

संपर्क करें
9461119998
info@zoomnews.in
www.zoomnews.in

• जयपुर, मंगलवार 29 सितम्बर, 2026 • राज्य: 1, जयपुर (राजस्थान) • अंग्रेजी/हिन्दी (द्विभाषिक दैनिक) RNI No.: RJBIL/26/A5611


## त्रि-भाषा व्यवस्था को लेकर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

# 7वीं-8वीं की तरह छठी में भी राहत, 10वीं में नहीं होगी इसकी बोर्ड परीक्षा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) को निर्देश दिया कि तीन-भाषा व्यवस्था के तहत छठी कक्षा के छात्रों को भी वही राहत दी जाए, जो अभी सातवीं कक्षा के छात्रों को मिल रही है। यह मामला सीबीएसई की तीन-भाषा नीति को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई के दौरान सामने आया। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ मामले की सुनवाई कर रही थी। अदालत ने कहा कि छठी कक्षा के छात्रों को भी तीसरी भाषा के मूल्यांकन में सातवीं कक्षा के छात्रों के लिए दी गई छूट का लाभ दिया जाए।

**खास बातें**

- पास या फेल नहीं, सिर्फ उपस्थिति प्रमाणपत्र होगा
- 4 सप्ताह के भीतर सीबीएसई को देना होगा हलफनामा

तीसरी भाषा का मूल्यांकन स्कूल स्तर पर आंतरिक रूप से किया जाएगा। इसका दसवीं कक्षा के बोर्ड परिणाम पर पास या फेल होने का असर नहीं होगा



### संक्रमणकालीन राहत दी

अदालत के आदेश का सबसे अहम हिस्सा तीसरी भाषा के मूल्यांकन से जुड़ा है। अभी सातवीं, आठवीं और नौवीं कक्षा के छात्रों को संक्रमणकालीन राहत दी गई है। इसके तहत जब वे दसवीं कक्षा में पहुंचेंगे, तो तीसरी भाषा की सीबीएसई बोर्ड परीक्षा नहीं होगी। सुप्रीम कोर्ट ने सीबीएसई को चार सप्ताह के भीतर जवाबी हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है।

### तीसरी भाषा का मूल्यांकन आंतरिक स्तर पर

तीसरी भाषा का मूल्यांकन स्कूल स्तर पर आंतरिक रूप से किया जाएगा। इसका दसवीं कक्षा के बोर्ड परिणाम पर पास या फेल होने का असर नहीं होगा। अब यही राहत छठी कक्षा के छात्रों को भी दी गई है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि छठी कक्षा के छात्रों को सातवीं कक्षा के छात्रों को दी गई वही छूट दी जाए। मुख्य न्यायाधीश ने सुनवाई के दौरान संकेत दिया कि पास या फेल नहीं होगा। केवल उपस्थिति प्रमाणपत्र होगा।

### 1.2 प्रतिशत स्कूलों ने नहीं की व्यवस्थाः सरकार

सुनवाई की शुरुआत में भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि छठी कक्षा के छात्रों को मौजूदा शैक्षणिक वर्ष से ही इस व्यवस्था में शामिल करने को लेकर सरकार अदालत को इसके पक्ष में समझाने का प्रयास करेगी। उन्होंने बताया कि कुल 28,819 स्कूलों में से करीब 1.2 प्रतिशत स्कूलों को छोड़कर बाकी स्कूल व्यवस्था के अनुरूप हैं। उनके अनुसार किताबें और अध्ययन सामग्री उपलब्ध हैं और छात्रों ने इस व्यवस्था को अपनाया है।

## सीबीएसई अधिकारी नियुक्त करे

अदालत ने कहा कि सीबीएसई बाकी स्कूलों तक पहुंचने के लिए एक अधिकारी नियुक्त करे। यह अधिकारी उन स्कूलों की दिक्कतों का पता लगाएगा, जो अभी इस व्यवस्था के लिए जरूरी सुविधाएं उपलब्ध नहीं करा पाए हैं। अदालत के आदेश में दर्ज किया गया कि 99 प्रतिशत स्कूलों में जरूरी ढांचा उपलब्ध है, जबकि 1.2 प्रतिशत स्कूलों में अभी सुविधाएं तैयार की जानी बाकी हैं। न्यायमूर्ति बागची ने यह भी कहा कि अगर किसी स्कूल ने आंतरिक मूल्यांकन में किसी छात्र को रोक दिया, तो अदालत इस मामले में हस्तक्षेप करेगी।

### याचिकाकर्ता बोले-नीति को 2027 तक टालें

याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि छात्रों ने इस व्यवस्था का पालन इसलिए किया, क्योंकि उनके पास दूसरा विकल्प नहीं था। उन्होंने कहा कि शुरुआत में पाठ्यपुस्तकें ऑनलाइन उपलब्ध नहीं थीं। उन्होंने यह भी बताया कि सीबीएसई से करीब 28.83 लाख छात्र जुड़े हैं। उनका कहना था कि भारतीय स्कूल प्रमाणपत्र परीक्षा परिषद (आईसीएसई) और राज्य बोर्ड बीच पढ़ाई कर रहे बच्चों पर ऐसी ही व्यवस्था लागू नहीं कर रहे हैं।

## ब्रीफ न्यूज

### सेंसेक्स 1124 अंक गिरा, लगातार 8वें हफ्ते गिरावट

**मुंबई**। लगातार सातवें हफ्ते लाल निशान में बंद होने के बाद, सोमवार को भी शेयर बाजार में गिरावट रही। सेंसेक्स 1124 अंक या 1.52% की गिरावट के साथ 72,772 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 360 अंक या 1.56% की गिरावट रही, ये 22,780 पर बंद हुआ। बाजार में आई तेज बिकवाली से निवेशकों की वेल्थ 7 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा घट गई है। कल जब बाजार बंद हुआ था, तब BSE में लिस्टेड सभी कंपनियों का कुल मार्केट कैप 482 लाख करोड़ रुपए के करीब था, जो आज घटकर 475 लाख करोड़ रुपए के करीब आ गया है।

### सोना 4065 रुपए सस्ता, 1.48 लाख पर आया, चांदी भी लुढ़की

**मुंबई**। सोने-चांदी के दाम में आज यानी 28 सितंबर को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन यानी IBJA के मुताबिक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 4,065 रुपए गिरकर 1.48 लाख रुपए पर आ गई है। एक किलो चांदी 9,158 रुपए सस्ती होकर 2.23 लाख रुपए पर आ गई है। सितंबर में अब तक 28 दिनों में सोना 8 हजार और चांदी 14 हजार सस्ती रुपए हुई है। 31 अगस्त को सोना 1.56 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर था जो अब 1.48 लाख रुपए पर आ गया है। इसी तरह 1 किलो चांदी की कीमत 2.37 लाख रुपए से गिरकर 2.23 लाख रुपए पर आ गई है।

## » अंदर विशेष

- फैक्ट्री ब्लास्ट, तीन दिन में 2 की मौतः फायर फाइटर वेंटिलेटर पर

...पढ़े पेज 2 पर

- ओरी बोले- शादी जयपुर में हुई, मुंबई में रिसेप्शनः एयरपोर्ट पर अंगूठी दिखाई

...पढ़े पेज 3 पर

## ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग पर छिड़ा सियासी घमासान

# श्रीनगर से लेकर कर्नाटक तक विरोध गुवाहाटी में सीईसी का पुतला फूंका

सीजेपी ने सवाल उठाए और पूछा कि भाजपा की ओर से सीईसी का बचाव क्यों किया जा रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर राजनीतिक विवाद बढ़ता जा रहा है। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रवक्ता आशुतोष रांका ने सोमवार को कहा कि संगठन अपनी मांग से पीछे नहीं हटेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से बाहर किए गए हैं और ज्ञानेश कुमार को इन आरोपों पर जनता के सामने स्पष्टीकरण देना चाहिए। रांका ने कहा कि एसआईआर 2 अक्तूबर से देशव्यापी प्रदर्शन शुरू करेगा और जब तक सीईसी अपने पद से इस्तीफा नहीं देते, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। सीजेपी ने इससे पहले 24 सितंबर को भी ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की थी। सीजेपी का आरोप है कि एसआईआर की प्रक्रिया के दौरान 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की ड्राफ्ट मतदाता सूचियों से 13 करोड़ से अधिक नाम बाहर किए गए। पार्टी ने इसे मतदाताओं के अधिकारों से जुड़ा मुद्दा बताते हुए 'चुनाव आयोग ठीक करो' अभियान शुरू किया है। यह आंकड़ा और इससे जुड़े आरोप राजनीतिक बहस का विषय बने हुए हैं।

**2** अक्टूबर से सीजेपी करेगा देशव्यापी प्रदर्शन

**13** करोड़ नाम हटाने का सीईसी पर आरोप



गुवाहाटी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सीईसी का पुतला फूंका

### प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जवाब दें सीईसी

आशुतोष रांका ने मांग की कि सीईसी ज्ञानेश कुमार प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए इन आरोपों पर अपना पक्ष जनता के सामने रखें। उन्होंने चुनाव आयोग की स्वतंत्रता को लेकर भी सवाल उठाए और पूछा कि भाजपा की ओर से सीईसी का बचाव क्यों किया जा रहा है। रांका ने यह भी कहा कि अगर ज्ञानेश कुमार को लोकतांत्रिक संस्थाओं में विश्वास है तो उन्हें सार्वजनिक रूप से यह स्पष्ट करना चाहिए कि एसआईआर और चुनाव आयोग से संबंधित सामने आई रिपोर्टों में लगाए गए दावे सही हैं या गलत।

### एसआईआर संबंधी झूठ उजागर

### फिर भी माहौल खराब करने की कोशिश कर रहा विपक्षः नड्डा

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि एसआईआर को लेकर कांग्रेस और उसके सहयोगियों के झूठ का निर्वाचन आयोग के सदस्यों द्वारा पर्दाफाश किए जाने के बावजूद विपक्षी दल देश का माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। नड्डा ने कहा कि देश की प्रगति से हताश और निराश विपक्षी 'इंडी गठबंधन' भ्रम और अराजकता फैलाने के नए तरीके तलाश रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह वही टूलकिट वाली मानसिकता (तयशुदा रणनीति के तहत काम करने की सोच) है जो देश के विकास को रोकने के लिए हर सुबह एक नई साजिश रचती है। आरोप लगाओ, देश का माहौल खराब करो और फिर भाग जाओ। कुछ ही दिन पहले एक मनगढ़ंत कहानी को लेकर पूरे देश में किस तरह हंगामा किया गया। अब जब निर्वाचन आयोग के सदस्यों ने हर झूठ का पर्दाफाश कर दिया है तो विपक्षी दल एक बार फिर माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं।



### असम में परिसीमन को लेकर भी आरोप



सीजेपी प्रवक्ता ने असम में विधानसभा क्षेत्रों के परिसीमन को लेकर भी आरोप लगाए। उन्होंने दावा किया कि परिसीमन का फायदा सत्तारूढ़ भाजपा गठबंधन को मिला। हालांकि, ये आरोप रांका के राजनीतिक दावे हैं और इनके समर्थन में स्वतंत्र प्रमाण इस रिपोर्ट में उपलब्ध नहीं हैं। रांका ने कहा कि संगठन लोकतांत्रिक अधिकारों और मतदान के अधिकार से जुड़े मुद्दों को लेकर अपना अभियान जारी रखेगा।

### 'वोट चोरी' के आरोपों पर मांगा जवाब

गुवाहाटी में कांग्रेस ने असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के साथ मिलकर मणबेंद्र सरमा कॉम्प्लेक्स में प्रदर्शन किया। मतदाता सूची और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठाए। सीईसी के खिलाफ नारे लगाए और 'वोट चोरी' के आरोपों पर जवाब मांगा।



जयपुर में प्रदर्शनकारियों पर वाटर कैनन चलाई

## टीमएसी नाम और चुनाव चिन्ह विवाद

# सुको का ईसी को आदेश, तीन महीनों के भीतर करें फैसला

ममता बेनर्जी की याचिका पर आया यह फैसला




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तृणमूल कांग्रेस के नाम और चुनाव चिन्ह जोड़ा घास फूल चुनाव चिन्ह को लेकर पार्टी के दो प्रतिद्वंद्वी गुटों के बीच चल रहे विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को चुनाव आयोग को फैसला करने के लिए समय सीमा तय कर दी। शीर्ष अदालत ने दोनों गुटों को चुनाव आयोग के समक्ष अपनी दलीलें और दस्तावेज चार सप्ताह के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने कहा कि दोनों पक्षों की दलीलें पूरी होने के बाद चुनाव आयोग तीन महीने के भीतर विवाद पर फैसला करे। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी की याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के मुताबिक, यह प्रक्रिया चार सप्ताह में पूरी होने के बाद आयोग के पास फैसला लेने के लिए तीन महीने की समयसीमा होगी।

### एसआईआर पर 5 अक्तूबर को होगी सुनवाई

पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से जुड़े मामलों पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तत्काल सुनवाई की मांग को स्वीकार नहीं किया। अदालत ने मामले की सुनवाई 5 अक्तूबर को तय की है। पश्चिम बंगाल की रेजीनगर और नंदीग्राम विधानसभा सीटों पर 6 अक्तूबर को उपचुनाव होने हैं। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ में जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना शामिल थे। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से जल्द तारीख देने की मांग की गई थी, क्योंकि एसआईआर से जुड़े कई मामले अभी लंबित हैं।

### चुनाव आयोग ने लगाई हुई है रोक

चुनाव आयोग ने दोनों प्रतिद्वंद्वी गुटों को अंतरिम व्यवस्था के तहत अलग-अलग नाम और चुनाव चिन्ह आवंटित किए हैं। आयोग ने दोनों पक्षों को 'ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' नाम और उसके आरक्षित 'फूल और घास' चिन्ह के इस्तेमाल से रोक दिया था। आयोग ने कहा था कि दोनों गुटों के बीच पार्टी के नाम और चुनाव चिन्ह को लेकर विवाद का अंतिम फैसला चुनाव चिन्ह आवंटन आदेश, 1968 के प्रावधानों के तहत किया जाना जरूरी है। आयोग ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद यह अंतरिम व्यवस्था आगामी उपचुनावों के मद्देनजर लागू की थी। इसका उद्देश्य विवाद के अंतिम निपटारे तक दोनों गुटों के लिए अलग चुनावी पहचान तय करना था। पश्चिम बंगाल की रेजीनगर और नंदीग्राम विधानसभा सीटों पर 6 अक्तूबर को उपचुनाव होने हैं।

## हाईकोर्ट बोला- हर केस में सीएम को पार्टी बनाना गलत, नाम हटाने को कहा

**जयपुर**। हाईकोर्ट ने जमीन के मालिकाना हक से जुड़े मामले में सरकार के साथ-साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को व्यक्तिगत रूप से पार्टी बनाने को गलत ठहराया। कोर्ट ने कहा- मुख्यमंत्री को इस मामले में पक्षकार बनाना पूरी तरह अनुचित और निराधार है। कोर्ट ने मुख्यमंत्री का नाम केस की लिस्ट से हटाने के निर्देश दिए। दरअसल, पूरा मामला डीग जिले के कामां गांव में जमीन के मालिकाना हक से जुड़ा था। अपीलकर्ता बांके बिहारी सैनी और अन्य ने एकलपीठ के आदेश के खिलाफ खंडपीठ में अपील की थी। अपीलकर्ता ने मुख्य सचिव के जरिए राज्य सरकार, रोडवेज चेयरमैन और एमडी, जिला कलेक्टर, एसडीएम और तहसीलदार डीग सहित व्यक्तिगत रूप से सीएम को पार्टी बनाया था। इस पर सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश संजय के. अग्रवाल और जस्टिस इंद्रजीत सिंह ने अपील को खारिज कर दिया।

## ट्रक ने 4 दोस्तों को कुचला, 2 की मौतः पैर कटकर ट्रक पर लटके

**जयपुर**। तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार 4 दोस्तों को कुचल दिया। हादसे में 2 दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 2 दोस्त घायल हो गए। मरने वाले युवकों के 1-1 पैर कटकर ट्रक में लटक गए। बाइक के परखच्चे उड़ गए। दौलतपुरा थाना पुलिस ने घायलों को SMS हॉस्पिटल में एडमिट करवाया। हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर मौके से भाग गया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया और ड्राइवर की तलाश कर रही है।

थानाधिकारी महावीर यादव ने बताया- हादसे में अनिकेत (18) पुत्र रामकिशोर और प्रवीण (18) पुत्र प्रकाश की मौत हो गई। विकास पुत्र जितेंद्र और शिवम पुत्र बबलू को SMS हॉस्पिटल में एडमिट करवाया है। चारों दोस्त रविवार रात को दौलतपुरा रिंग रोड के पास अनिकेत की बहन के घर गए थे। सुबह उठकर एक ही बाइक पर घर जा रहे थे। सुबह करीब 6:45 बजे दौलतपुरा सर्विस रोड पर खेडवाड़ी पुलिया के नीचे से खेडवाड़ी जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो 2 दोस्त मृत मिले, जबकि 2 गंभीर हालत में थे। पुलिस ने टोल एम्बुलेंस की मदद से सभी को SMS हॉस्पिटल भेजा। मरने वाले युवकों के 1-1 पैर घुटने से नीचे से कटकर अलग हो गए। पुलिस को ट्रक के अगले हिस्से में दोनों कटे हुए पैर लटके मिले। उत्तर प्रदेश के हरदोई के रहने वाले चारों दोस्त परिवार के साथ हरमाड़ा (जयपुर) के माचड़ा में रहते थे।



## 65वीं राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी नई दिल्ली आयोजन के दौरान ऐलान

# 20 कलाकार ललित कला अकादमी अवार्ड से होंगे सम्मानित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ललित कला अकादमी ने 65वीं राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी के दौरान देशभर के 20 कलाकारों को प्रतिष्ठित ललित कला अकादमी अवार्ड देने की घोषणा की। यह प्रदर्शनी कलाकारों को अपनी रचनात्मकता को प्रदर्शित करने के लिए एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करती है। संस्कृति मंत्रालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, अकादमी को 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 2,000 से अधिक कलाकारों से लगभग 6,000 से अधिक कलाकृतियां प्राप्त हुई थीं। जूरी ने उत्कृष्ट 20 कलाकृतियों का चयन किया।

**6,000** से अधिक कलाकृतियों में से 20 चुनी गईं

देश की सर्वश्रेष्ठ कलाकृतियों पर लगी मुहर




### ये हैं 20 विजेता

पुरस्कार विजेताओं में मूर्तिकार चंद्र शेखर सैन, चित्रकार गोपाल चंद्र नस्कर और किशोर कुमार जैसे कई नाम शामिल हैं। इसके अलावा सम्मानित किए जाने वालों में मृणाल डे, निधि चोपड़ा, निमाई सिंह, पंकज कुमार, पूजा राजपूत, प्रवीण कुमार, प्रीतम मधुकर, राजेंद्र प्रसाद, रमेश विट्ठल थोराट, रविराम रामकृष्णन, संजय कुमार, संजय कुमार साहनी और संजीव कुमार गोगोई आदि शामिल हैं।

### मप्र की मूर्तिकार पूजा राजपूत होंगी सम्मानित

65वीं राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी में मध्य प्रदेश से मूर्तिकार पूजा राजपूत को उनकी सफेद संगमरमर की मूर्ति 'प्रकृति शोषण' के लिए प्रतिष्ठित ललित कला अकादमी पुरस्कार मिला है।

**कलात्मक पहचान का मंच** : 65वीं राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी न केवल कलात्मक पहचान का एक मंच है, बल्कि यह भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में भी योगदान देती है। कलाकारों, दर्शकों, संग्राहकों और संस्थानों को एक साथ लाकर यह प्रदर्शनी कलाकारों के लिए अधिक पहचान का अवसर देती है।

### 'हिंदी पखवाड़े' के पुरस्कार वितरित

राज्य सभा सचिवालय के राजभाषा अनुभाग द्वारा 14 से 28 सितम्बर, 2026 तक आयोजित किए गए 'हिंदी पखवाड़े' के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। राज्य सभा के महासचिव पीसी मोदी ने दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया और सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। राज्य सभा सचिवालय की वार्षिक हिंदी गृह पत्रिका 'नूतन प्रतिबिंब' के इक्कीसवें अंक का लोकार्पण भी किया गया।

## 'युवा संवाद कॉन्क्लेव' में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नवीन का बड़ा ऐलान

# भाजपा बनाएगी निवेश अनुकूल वातावरण युवाओं को मिलेगा रोजगार, बढ़ेंगी नौकरियां

▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के 15 साल के शासन के दौरान पूंजी का पलायन हुआ और करीब 6,700 कंपनियां बंद हो गईं तथा उन्होंने जोर दिया कि राज्य में निवेश के लिए अनुकूल वातावरण बनाना भाजपा सरकार की प्राथमिकता होगी। 'युवा संवाद कॉन्क्लेव' में नवीन ने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार राज्य के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने पर ध्यान देगी।

### युवाओं से आग्रह, जीवन में शॉर्टकट से बचें



नितिन नवीन

नवीन ने युवाओं से जीवन में 'शॉर्टकट' से दूर रहने का आग्रह किया और लगन एवं निरंतरता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मैं सभी युवाओं से आग्रह करूंगा कि वे जीवन में शॉर्टकट रास्ते से बचें। जीवन 100 मीटर की दौड़ नहीं, बल्कि एक लंबी दौड़ है, जिसमें ताकत और निरंतरता की परीक्षा होती है।

**6,700 कंपनियां बंद हुईं थीं**

नवीन ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के 15 साल के शासन के दौरान पश्चिम बंगाल में लगभग 6,700 कंपनियां बंद हो गईं। राज्य से पूंजी का पलायन हुआ। राज्य में भाजपा सरकार की प्राथमिकता निवेश लाने के लिए वातावरण बनाने की होगी।



## सुमेरपुर, तखतगढ़ और पाली में यात्रा का जोरदार स्वागत, उमड़े शहरवासी

# ईडब्ल्यूएस में कमियों को लेकर यात्राः शिव विधायक भाटी पर JCB से फूल बरसाए, ऊंट पर बैठकर नाचे

**जूम न्यूज़ • पाली**

शिव विधायक रवींद्र सिंह भाटी राजस्थान में EWS विसंगतियों को लेकर यात्रा निकाल रहे हैं। इससे पहले उनकी यात्रा सुमेरपुर और तखतगढ़ पहुंची। इस दौरान भाटी को ऊंट पर बैठाकर JCB से फूल बरसाए गए। इसके चलते तखतगढ़ पुलिस ने NH- 325 का मार्ग डायवर्ट किया।

यात्रा के दौरान पाली जिले के तखतगढ़, बिटिया, बलुपुरा, बांकली, खिवांदी सहित जगह-जगह भाटी का स्वागत किया गया। सोमवार सुबह 10 बजे भाटी का करीबन 50 लग्जरी गाड़ियों का काफिला एनएच 325 के तखतगढ़ मुख्य चौराहे पर पहुंचने पर सैकड़ों की तादाद में सर्व समाज ने दो जेसीबी मशीन मंगवाई थी। भाटी के पहुंचते ही उनका स्वागत किया और फूल बरसाए। पाली में भी यात्रा का जोरदार स्वागत हुआ।



**भाटी ने निंबेश्वर महादेव के दर्शन किए**: सांडेराव में विधायक भाटी का काफिला सिंदरू-सांडेराव फोरलेन हाईवे पर पहुंचा। इस दौरान यहां समर्थकों और ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। फोरलेन हाईवे से होते हुए विधायक रविंद्र सिंह भाटी का काफिला निंबेश्वर टोल प्लाजा पहुंचा, जहां से वे सीधे निंबेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे। मंदिर परिसर में भाटी ने भगवान भोलेनाथ के दर्शन किए और क्षेत्र की सुख, समृद्धि व खुशहाली की कामना करते हुए विशेष पूजा-अर्चना की। मंदिर के पुजारियों और स्थानीय प्रबुद्धजनों ने भी विधायक का स्वागत किया। इसके बाद काफिला फालना की ओर रवाना हो गया।

### भाटी साथ गाड़ियों का लंबा काफिला

शिव विधायक की यात्रा में उनके साथ लग्जरी कारों का काफिला भी चल रहा है। यहां वे लोगों को जागरूक करने के लिए यात्रा निकाल रहे हैं। इस दौरान भीड़ में कई लोगों की जेबकतरों ने जेब काट ली। कैश समेत अन्य सामान लेकर फरार हो गए। लोगों ने इसकी शिकायत पुलिस में दी है।

---

**ब्रीफ न्यूज**

## झुंझुनूं की सात विधानसभाओं में भाजपा ने रवाना किए प्रचार-रथ



**जूम न्यूज़ • झुंझुनूं**

भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार आगामी जिला परिषद एवं पंचायत चुनावों को लेकर पार्टी ने झुंझुनूं जिले में प्रचार अभियान तेज कर दिया है। रीको क्षेत्र स्थित भाजपा जिला कार्यालय से जिले की सातों विधानसभाओं के लिए विशेष 'वीडियो वैन रथों' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरी के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। प्रचार रथों को रथ अभियान जिला संयोजक संजय मोरवाल, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष कमल कांत शर्मा और जिला प्रकोष्ठ संयोजक जय प्रकाश चौधरी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रवाना की गई ये वीडियो वैन जिले के ग्रामीण अंचलों, ग्राम पंचायतों और ढाणियों तक पहुंचकर केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों और विकास कार्यों का प्रचार-प्रसार करेंगी। साथ ही, इनके माध्यम से ग्रामीणों को पार्टी की रीति-नीति से जोड़ते हुए पंचायत और जिला परिषद चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान का आह्वान किया जाएगा। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से चुनाव में पूरी एकजुटता और सक्रियता के साथ जुटने का आह्वान किया। कार्यक्रम में राजेंद्र चौधरी, प्रदीप चाहर, दिनेश जांगिड़, रविंद्र सिंह सहित स्थानीय पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अलवर में वोट मांगने पर लाठी-डंडों से हमला, कारों के शीशे तोड़े

**जूम न्यूज • अलवर**

पंचायत समिति सदस्य के चुनाव के लिए आमजन से बातचीत करने गए सरपंच के बेटे सहित 7 जनों पर 24 से ज्यादा ग्रामीणों ने हमला कर दिया। आरोप है कि गांव के युवकों ने लाठियों से कारों के शीशे भी तोड़ दिए। इस हमले में सरपंच के बेटे के अंदरूनी चोट आई, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में अब घटना के वीडियो सामने आए हैं। घटना 26 सितंबर शाम करीब 7 बजे सैंथली गांव की है। मामले में सैंथली ग्राम पंचायत के सरपंच जोहरमल के बेटे इमरान ने मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की। सरपंच के बेटे इमरान ने बताया कि अलवर सदर थाना क्षेत्र के सैंथली गांव में पंचायत समिति सदस्य के चुनाव को लेकर एससी सामज सहित आमजन से रायशुमारी करने गए थे। इससे एक दिन पहले एससी समाज के लोगों ने चुनाव लड़ने के लिए उन्हें माला भी पहनाई थी।

# चुनाव आयोग के खिलाफ प्रदर्शनः गहलोत-डोटासरा-जूली पर वाटर कैनन चलाई, वैन में बैठाकर थाने ले गई पुलिस







**जूम न्यूज • जयपुर**

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने 'वोट चोरी' के मुद्दे को लेकर चुनाव आयोग के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। पहले शहीद स्मारक पर सभा हुई। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग के ऑफिस के लिए कूच किया। पुलिस ने बैरिकेडिंग कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोक दिया तो हल्की झड़प हो गई। पुलिस ने गहलोत-डोटासरा-जूली समेत सभी कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं पर वाटर कैनन चलाई। इसके बाद सभी नेताओं को वैन में बैठाकर विद्याधर नगर थाने ले जाया गया। पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने कहा- देश में बहुत खतरनाक खेल चल रहा है। गुंडागर्दी चल रही है। लोकतंत्र को खत्म कर रहे हैं। असम में मनमाने परिसीमन की वजह से हम साफ हो गए।

विधानसभा और लोकसभा के परिसीमन में भी गड़बड़ी का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सचेत रहना होगा, यह करो या मरो की लड़ाई है। RSS वाले भी लोकतंत्र खत्म करने में लगे हैं। कांग्रेस कार्यकर्ता लोगों के बीच जाएं। देश के हालात को समझें, लोकतंत्र बचाने में क्या योगदान दे सकते हैं, तब जाकर देश बचेगा। यह लड़ाई लोकतंत्र बचाने की है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा- सीईसी ज्ञानेश कुमार ने SIR में गड़बड़ी की, उसने लोकतंत्र को लूटने का काम किया है। जब राहुल गांधी ने कहा कि ज्ञानेश कुमार को हम जेल भेजेंगे तो सफाई दे रहे हैं। डोटासरा ने कहा- ज्ञानेश कुमार को तो चौराहे पर फांसी देनी चाहिए, उसने ऐसा कांड किया है। लोकतंत्र को लूटने का काम किया है। आज तो विरोध प्रदर्शन से शुरुआत है। कांग्रेस कार्यकर्ता लोकतंत्र की इस लूट के खिलाफ जन-जन के बीच जाकर इनकी करतूतें बताएगा।

### थाने में गहलोत और डोटासरा की नारेबाजी

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित कांग्रेस नेताओं को विद्याधर नगर थाने ले गई। यहां सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ नारे लगाए। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा- हमने देश को बचाने के लिए गिरफ्तारी दी है। हमें पुलिस थाने ले जा रही है। हम लोकतंत्र के लिए कर रहे हैं। डेमोक्रेसी बचनी चाहिए। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को पुलिस वैन में बैठाकर लेकर गई। पूर्व CM अशोक गहलोत, राजस्थान प्रभारी सुखविंदर सिंह रंधावा, पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली समेत कांग्रेस के नेताओं को पुलिस वैन में विद्याधर नगर पुलिस थाने ले जाया गया है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा- मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को बीजेपी बचा रही है। मोदी बचा रहे हैं। ज्ञानेश कुमार बीजेपी का एजेंट है।

### चुनाव आयोग ऑफिस की तरफ कूच किया

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहीद स्मारक से चुनाव आयोग के ऑफिस के लिए कूच किया, लेकिन यहां पर पुलिस का भारी जाब्ता तैनात है और बैरिकेडिंग कर रखी थी। इसके बाद कार्यकर्ताओं और पुलिस बल में झड़प भी हुई।






## अग्निवीर भर्ती रैली के एडमिट कार्ड जारीः दो चरणों में होगा एग्जाम

**झुंझुनूं**। झुंझुनूं सेना भर्ती कार्यालय की ओर से आयोजित आर्मी कॉमन एंट्रेंस एग्जामिनेशन (CEE) में सफल अभ्यर्थियों के लिए अग्निवीर भर्ती रैली की तैयारियां शुरू हो गई हैं। CEE में सफल पात्र अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं। सेना भर्ती कार्यालय झुंझुनूं के अंतर्गत आने वाले झुंझुनूं, चूरू, श्रीगंगानगर, बीकानेर और हनुमानगढ़ जिलों के अभ्यर्थी इस भर्ती प्रक्रिया में शामिल होंगे। CEE में सफलता के बाद अब अभ्यर्थियों को भर्ती प्रक्रिया के अगले चरण यानी शारीरिक भर्ती रैली में शामिल होना होगा।

### 11 से 13 अक्टूबर तक सीकर में क्लर्क की भर्ती

अग्निवीर क्लर्क और डुअल कैटेगरी विथ क्लर्क के अभ्यर्थियों की शारीरिक भर्ती रैली 11 से 13 अक्टूबर 2026 तक सीकर में आयोजित की जाएगी। सेना भर्ती कार्यालय की ओर से स्पष्ट किया गया है कि प्रत्येक अभ्यर्थी के एडमिट कार्ड पर उसकी रिपोर्टिंग की तारीख, समय और भर्ती स्थल से संबंधित जानकारी दी गई है।

### GD, टेक्निकल और 8वीं-10वीं पास की रैली बीकानेर में होगी

अग्निवीर जनरल ड्यूटी (GD), अग्निवीर टेक्निकल, अग्निवीर 10वीं पास और अग्निवीर 8वीं पास श्रेणी के अभ्यर्थियों की शारीरिक भर्ती रैली 30 जनवरी से 22 फरवरी 2027 तक बीकानेर में आयोजित होगी। इस प्रकार भर्ती प्रक्रिया दो अलग-अलग चरणों में होगी। क्लर्क श्रेणी के अभ्यर्थियों को अक्टूबर में सीकर में शारीरिक भर्ती के लिए बुलाया गया है, जबकि अन्य निर्धारित श्रेणियों के अभ्यर्थियों की शारीरिक भर्ती अगले वर्ष जनवरी-फरवरी में बीकानेर में होगी। वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर लॉगिन कर अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। किसी प्रकार की गलती या समस्या सामने आने पर अभ्यर्थी समय रहते सेना भर्ती कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

# RUHS का नया नियम मरीजों के लिए आफतः ओपीडी में डॉक्टर की पर्ची पर टेक्नीशियन की मंजूरी जरूरी

**जूम न्यूज़ • जयपुर**

राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ एंड साइंसेज में मरीजों की सुविधाएं तो बढ़ रही हैं, लेकिन नए-नए नियम-कायदे लगातार मरीजों की परेशानी बढ़ा रहे हैं। लंबे इंतजार के बाद शुरू हुई एमआरआई सुविधा पर पिछले दिनों नया नियम शुरू किया गया, जिसके बाद से मरीजों की परेशानी ओर बढ़ गई है।



इस नए नियम के तहत डॉक्टर (यूनिट हेड या ऑथोराइज्ड डॉक्टर) की लिखी पर्ची को भी एक टेक्नीशियन से अप्रूव करवाया जा रहा है। टेक्नीशियन की मंजूरी के बाद ही मरीजों की सिटी स्कैन या एमआरआई की जांच की जाएगी। नया नियम से ओपीडी के मरीजों के लिए समस्या बढ़ गई है। अगर कोई डॉक्टर सिटी स्कैन या एमआरआई की जांच लिख रहा है तो उसे करवाने से पहले मरीज को रेडियो टेक्नीशियन से उस जांच पर्ची को अप्रूव्ड करवाना होगा। ये टेक्नीशियन भी ओपीडी समय तक ही हॉस्पिटल में रहता है। अगर किसी कारण से टेक्नीशियन नहीं मिला तो मरीज को भटकना पड़ता है। ओपीडी में आया मरीज ओपीडी समय के बाद (दोपहर 2 बजे बाद) अगर जांच करवाने पहुंचता है तो उसकी जांच नहीं होती है। उसे फिर अगले ही दिन ओपीडी समय में आना पड़ता है और जांच पर्ची को रेडियो टैक्नीशियन से मंजूर करवाकर जांच करवानी पड़ती है। जबकि यहां सिटी स्कैन और एमआरआई की सुविधा 24 घंटे है। ऐसे में मरीजों के लिए 2 बजे बाद जांच करवाया संभव नहीं हो पाता।

### कैंसर मरीजों के लिए कोई सुविधा नहीं

इधर कैंसर इंस्टीट्यूट में भर्ती या ओपीडी में आए मरीजों को भी इस सुविधा का लाभ नहीं मिल रहा। जबकि सरकार ने जब आरयूएचएस में एमआरआई, सिटी-स्कैन की सुविधा शुरू की थी, तब एक अलग से आदेश जारी करके कैंसर इंस्टीट्यूट के मरीजों को भी यहां सिटी स्कैन, एमआरआई करने की सुविधा देने के निर्देश दिए थे, ताकि मरीजों को 12 किलोमीटर दूर एसएमएस हॉस्पिटल नहीं जाना पड़े। लेकिन स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट में अब भी मरीजों को जांच के लिए एसएमएस हॉस्पिटल भेजा जा रहा है।

# ओरी बोले- शादी जयपुर में हुई, मुंबई में रिसेप्शनः एयरपोर्ट पर अंगूठी दिखाई

### पूरा फैशन इवेंट 'ओरी वेडिंग' के नाम से हुआ

**जूम न्यूज़ • जयपुर**

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ओरहान अवत्रामणि उर्फ ओरी सोमवार को जयपुर एयरपोर्ट से मुंबई के लिए रवाना हुए। इस दौरान ओरी ने हाथ में पहनी शादी की अंगूठी भी दिखाई। ओरी ने कहा- शादी जयपुर में हो चुकी है। अब मुंबई में रिसेप्शन होगा। दरअसल, जयपुर के होटल फेयरमॉन्ट में 27 सितंबर की रात एक खास फैशन इवेंट आयोजित किया गया था। जिसे 'ओरी वेडिंग' के नाम से प्रमोट किया गया था। पूरा फैशन इवेंट ओरी की शादी की थीम पर हुआ। इसमें मनोरंजन और सोशल मीडिया जगत के स्टार्स शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान ओरी ने रैंपवॉक की। खुद से शादी करने की बात कहकर सभी का ध्यान खींचा।



यह पारंपरिक शादी नहीं थी, बल्कि फैशन और मनोरंजन से जुड़ा एक क्रिएटिव कॉन्सेप्ट था। इसी के जरिए जयपुर में एक फैशन ब्रांड को लॉन्च किया गया।

जयपुर में आयोजित इस कार्यक्रम को एक फेक वेडिंग कॉन्सेप्ट के तौर पर तैयार किया गया था। इसका उद्देश्य एक फैशन ब्रांड को अनोखे अंदाज में लॉन्च करना था। कार्यक्रम में नेशनल मॉडल्स, सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स, एक्टर्स और फैशन इंडस्ट्री से जुड़े कई लोग मौजूद रहे। पूरे इवेंट को शादी की थीम पर तैयार किया गया था, जिसमें ओरी मुख्य आकर्षण रहे। ओरी के जयपुर एयरपोर्ट पहुंचने के दौरान एक दिलचस्प वाक्या देखने को मिला। मुंबई से आई पैपराजी टीम एयरपोर्ट पर उनका इंतजार कर रही थी। जब ओरी कार से नीचे उतरे तो उन्हें शुरुआत में पैपराजी नजर नहीं आए। इसके बाद वे वापस कार में जाकर बैठ गए। कुछ देर बाद जब उन्हें पैपराजी की टीम दिखाई दी तो दोबारा बाहर आए।

# श्रीगंगानगर में आया बवंडर, दिन में छाया अंधेराः नागौर में बारिश से फसल हुई खराब, 13 जिलों में बरसात-ओले का अलर्ट







जूम न्यूज • जयपुर

श्रीगंगानगर के पदमपुर और रावतसर के आसपास सोमवार दोपहर बवंडर आया। इस दौरान दिन में अंधेरा छा गया। वहीं, आज सुबह श्रीकरणपुर में आंधी चली और बारिश हुई। नागौर जिले के खींवसर, मेड़ता और मुंडवा क्षेत्र में बारिश और अंधड़ से किसानों की फसल प्रभावित हुई है। खेतों में पानी भरने से बाजरे की खड़ी फसल गिर गई, जबकि कटाई के बाद खेतों में पड़ी बाजरा, ग्वार और कपास की फसल भीग गई। मौसम विभाग ने आज 13 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। कहीं-कहीं ओले भी गिर सकते हैं। इससे पहले, रविवार को वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के असर से बीकानेर, चूरू, झुंझुनूं और सीकर के एरिया में घने बादल छाए। बारिश के साथ ओले भी गिरे। इससे तापमान में गिरावट हुई है। राजधानी जयपुर में भी रात को मौसम बदला और गलताजी समेत कई इलाकों में बरसात हुई। इसके चलते रात में हल्की ठंडक हो गई। जैसलमेर में रविवार को अधिकतम तापमान 4 डिग्री गिरकर 36.8 डिग्री दर्ज हुआ। रविवार को सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री फलोदी में दर्ज हुआ।

नागौर जिले के खींवसर, मेड़ता और मुंडवा क्षेत्र में बारिश और अंधड़ से किसानों की फसल प्रभावित हुई है। खेतों में पानी भरने से बाजरे की फसल गिर गई, जबकि कटाई के बाद खेतों में रखी बाजरा, ग्वार और कपास की फसल भीग गई। किसानों का कहना है कि पहले कम बारिश से उत्पादन प्रभावित हुआ और अब कटाई के समय बारिश ने नुकसान बढ़ा दिया। ग्रामीण सेवा शिविर में किसानों ने फसल खराबे का मुद्दा भी उठाया। नायब तहसीलदार रामनारायण जाखड़ ने प्रभावित खेतों का जायजा लेकर पटवारियों को सर्वे के निर्देश दिए। किसानों ने गिरदावरी और मुआवजे की मांग की है।

### सीकर के फतेहपुर में 23MM पानी बरसा

पिछले 24 घंटे में बीकानेर के महाजन फील्ड, रानीसर, लूणकरणसर, सीकर के फतेहपुर शेखावाटी और श्रीगंगानगर के सूरतगढ़ में हल्की बारिश हुई। बीकानेर, फतेहपुर शेखावाटी में तूफानी बारिश के साथ ओले गिरे। देर शाम चूरू के सुजानगढ़ और बीकानेर के श्रीडूंगरगढ़ में भी तेज बारिश के साथ ओले गिरे। सीकर के फतेहपुर में 23MM पानी बरसा। जयपुर में रविवार को दिनभर मौसम ड्राई रहा और तापमान में मामूली बढ़ोतरी हुई। हालांकि बीच-बीच में हल्के बादल भी रहे। जयपुर में अधिकतम तापमान 34.3 डिग्री दर्ज हुआ। रात में मौसम बदला और कई इलाकों में बरसात हुई। मौसम विभाग ने जयपुर में बादल छाए रहने का अलर्ट जारी किया है।

## ब्रीफ न्यूज

### हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद इलेक्ट्रिशियन को काम से हटाया

जूम न्यूज • जोधपुर

राजस्थान हाईकोर्ट ने आर्मी पब्लिक स्कूल जोधपुर की प्रिंसिपल डॉ. तबस्सुम खान को 5 अक्टूबर को कोर्ट में तलब किया है। यह मामला इलेक्ट्रिशियन महेंद्र सिंह शेखावत को अंतरिम आदेश के बावजूद सेवा में जारी नहीं रखने से जुड़ा है। जस्टिस बलजिंदर सिंह संधू की बेंच ने इस पर सख्त रुख अपनाया है। महेंद्र सिंह ने अपनी सेवा नियमित करने की मांग को लेकर याचिका दायर की थी। याचिका दायर करते समय वह स्कूल में कार्यरत थे। हाईकोर्ट ने 14 मार्च 2022 को अंतरिम आदेश दिया था, लेकिन स्कूल ने इसका पालन नहीं किया। अवमानना याचिका की सुनवाई में स्कूल ने कहा- कोर्ट ने कर्मचारी को काम पर रखने का निर्देश नहीं दिया था, बल्कि उसकी जगह किसी और को नियुक्त न करने को कहा था। स्कूल ने माना कि महेंद्र सिंह को सेवा में नहीं रखा गया। कोर्ट ने कहा- इलेक्ट्रिशियन का काम स्थायी होता है। महेंद्र सिंह 13 जनवरी 2014 से 15 मार्च 2022 तक इस पद पर काम करते रहे थे। कोर्ट ने प्रिंसिपल को खुद आकर स्थिति साफ करने का निर्देश दिया है।

#### आर्मी स्कूल प्रिंसिपल को 5 अक्टूबर को पेश होने का आदेश

### जातिसूचक शब्द बोलने का आरोप साबित नहीं, तीनों आरोपी दोषमुक्त

जूम न्यूज • जोधपुर

एससी-एसटी मामलों की विशेष अदालत की पीठासीन अधिकारी गरिमा सौदा ने 10 साल पुराने मामले में बाबू उर्फ अजय, जसवंत और नितिन को साक्ष्य के अभाव में सभी आरोपों से दोषमुक्त कर दिया। राजकार्य में बाधा, मारपीट और जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने के मामले में अभियोजन आरोपों को संदेह से परे साबित नहीं कर सका। प्रत्यक्षदर्शी गवाह जब्बरसिंह, कमल शर्मा,



पूनमचंद और विक्रम व अन्य अपने पूर्व बयानों से मुकर गए। कथित जमानती वारंट और उससे संबंधित रोजनामचा भी रिकॉर्ड पर पेश नहीं किया गया। प्रकरण के अनुसार 6 मई 2016 को मंडोर थाने के कांस्टेबल राणाराम मेघवाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि कोर्ट के जमानती वारंट की तामील के लिए मंडोर स्थित ट्यूबवेल पर जाने के दौरान आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की और जातिसूचक शब्द कहे। वाहन की जब्ती में भी विरोधाभास| वाहन की जब्ती को लेकर भी पुलिस के रिकॉर्ड में विरोधाभास सामने आया। जब्ती फर्द में वाहन का रंग सिल्वर बताया जबकि जांच अधिकारी ने जिरह में काले रंग का वाहन जब्त करना स्वीकार किया। आरोपी पक्ष के अधिवक्ता नितिन सोनी ने सुप्रीम कोर्ट के स्वर्णसिंह बनाम राज्य सहित अन्य न्यायिक नजीरों का हवाला दिया।

## भजन से मित्रता का संदेश, संत बोले- राग-द्वेष की गांठें खोलें

जूम न्यूज • जोधपुर



जैन समाज ने रविवार को पाल रोड स्थित खरतरगच्छ सेवा संस्थान में विश्व मैत्री दिवस मनाया। शहर में विराजने वाले 25 से ज्यादा संत-साध्वी समारोह में शामिल हुए। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे से क्षमा मांगने और प्रेम-भाईचारे का संदेश दिया। हर्षिता मोहनोत सहित अनेक श्रद्धालुओं ने 20-20 उपवास के प्रत्याख्यान लिए। समारोह में भगवान महावीर के जयकारों की गूंज रही।

महावीर जैन नवयुवक मंडल व भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत नवकार महामंत्र और सामूहिक प्रवचन से हुई। अक्षतसागर महाराज ने 'हम तुम को क्षमा देंगे, तुम हमको क्षमा करना' भजन के साथ मैत्री का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि विश्व मैत्री की शुरुआत अपने घर से करनी चाहिए। सभी राग-द्वेष की गांठें खोल दें, तभी सही मायने में मैत्री दिवस सार्थक होगा।

समारोह में अतिथि विधायक अतुल भंसाली, पार्षद प्रदीप गांग, अशोक पारख और समाजसेवी विमलादेवी सुराणा की ओर से सम्मान किया गया। समिति सचिव धीरज कुमार रांका, मीडिया प्रभारी प्रवीण सुराणा, अध्यक्ष बलवंत खिंवसरा, संयोजक नीरज सामसुखा व महावीर जैन सहित अमृतराज गोलिया, दलपतराज सिंघवी, दिनेश पटवा, अशोक रांका, सुभाष भंडारी, देव लोढ़ा, अभिषेक सिंघवी, रवि कर्णावट, शांतिलाल ओस्तवाल, गौतम कटारिया, अमृत ललवाणी, सतिन भंडारी, अशोक जैन, जितेंद्र कोटरिया, धनराज विनायकिया, राजेंद्र जैन सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

संत ललितप्रभ सागर ने अंग्रेजी वर्णमाला ए से जेड तक के अक्षरों के जरिए किससे और कैसे क्षमा मांगनी चाहिए, उदाहरण सहित समझाया। उन्होंने कहा कि जिंदगी छोटी है, लेकिन बहुत कीमती है। पूर्वविजय महाराज ने पाप, क्रोध, झूठ, फरेब और धोखे के कर्म से बचने तथा भगवान महावीर के संदेशों को जीवन में उतारने का आह्वान किया।

### दिल में गांठ तो मोक्ष नहीं

साध्वी जिनशिशु प्रज्ञा और दर्शनप्रभा ने कहा कि जैन किसी जाति का नाम नहीं, बल्कि आचरण का नाम है। जिस लकड़ी में गांठ हो, उससे फर्नीचर नहीं बनता। इसी तरह दिल में गांठ हो तो मोक्ष नहीं मिलता। पर्युषण के दौरान रह गई कटुता को मन में नहीं रखना चाहिए। गलतियों के लिए क्षमा मांगना और दूसरों को क्षमा करना जीवन का आभूषण है। कटु शब्द न बोलें| साध्वी डॉ. देवरक्षिता ने कहा कि मानव ही ऐसा जीव है, जो बोल और बात कर सकता है। इसलिए कटु शब्द नहीं बोलने चाहिए। ज्ञान होने पर क्षमा ही सबसे बड़ा आभूषण है।

## फैक्ट्री ब्लास्ट, तीन दिन में 2 की मौतः 90 प्रतिशत झुलसा तीसरा फायर फाइटर अब भी वेंटिलेटर पर

जूम न्यूज • जोधपुर



जोधपुर के बासनी स्थित फैक्ट्री में आग लगने के बाद हुए ब्लास्ट के मामले में सोमवार को एक और फायर फाइटर सुरेंद्र (22) की मौत हो गई। सुरेंद्र इस हादसे में 60 प्रतिशत तक झुलस गए थे। घटना में अब तक दो लोगों की मौत हो गई है। महात्मा गांधी हॉस्पिटल के सुपरिडेंटेंड डॉ. फतेह सिंह भाटी ने बताया कि 60 प्रतिशत तक झुलस के बाद सुरेंद्र को वेंटिलेटर पर लिया था। सोमवार सुबह इलाज के दौरान सुरेंद्र की मौत हो गई। इससे पहले 26 सितंबर को एक फायर फाइटर प्रीतेश की मौत हो गई थी। अब एक मरीज प्रदीप वेंटिलेटर पर है, जो इस हादसे में 80 से 90 प्रतिशत तक झुलस गए थे। डॉ. भाटी ने बताया कि जयपुर में एडमिट 6 मरीजों की हालत स्थिर बताई जा रहा है। वहीं, चार मरीज प्रवीण, कुणाल, दुर्गेश और विनय का इलाज महात्मा गांधी हॉस्पिटल में चल रहा है।

दरअसल, बासनी की गणेश नगर श्रमिक कॉलोनी स्थित हैंडीक्राफ्ट फैक्ट्री में 23 सितंबर की शाम करीब 5:30 बजे आग लगी थी। आग पर काबू पाने के लिए 35 फायर फाइटर्स की टीम पहुंची थी। कर्मचारी आग बुझाने में जुटे थे। इस दौरान छत से एक पत्थर केमिकल से भरे ड्रम पर आकर गिर गया था। इससे ब्लास्ट हो गया। इसमें फायर ब्रिगेड के कर्मचारी झुलस गए। दूसरे फायर फाइटर्स अपने साथियों को पिकअप और दमकल में लेकर हॉस्पिटल पहुंचे थे।

आग इतनी भयानक थी कि रात 11 बजे के बाद एयरफोर्स की फायर ब्रिगेड टीम को भी बुलाना पड़ा। 24 सितंबर की सुबह 5 बजे आग पर काबू पाया गया था। लेकिन सुबह 7 बजे आग फिर से धधक उठी, जिस पर फायर ब्रिगेड की टीम ने काबू पाया। इस हादसे में झुलसे 14 कर्मचारियों में से 6 फायर फाइटर्स को करीब 350 KM का ग्रीन कॉरिडोर बनाकर एंबुलेंस से महात्मा गांधी हॉस्पिटल से जयपुर के SMS अस्पताल भेजा गया था।

## सड़क पार कर रहे व्यक्ति को डंपर ने मारी टक्कर, मौत

### मजदूरी करने के लिए घर से निकला था; जब्त डंपर

जूम न्यूज • जोधपुर



जोधपुर के बासनी औद्योगिक क्षेत्र में रविवार सुबह डंपर ने सड़क पार कर रहे एक मजदूर को चपेट में ले लिया। हादसे में मजदूर गोविंद (40) पुत्र नगाराम भील निवासी मामा अचलेश्वर नगर सांगरिया फांटा की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने शव को मॉर्च्युरी में रखवाया। पोस्टमॉर्टम के बाद परिजन को शव सौंप दिया गया। बासनी थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार- कांकाणी से मुंगिया भरकर बासनी की तरफ एक डंपर आ रहा था। इसी दौरान सांगरिया फांटा के पास डिवाइडर क्रॉस कर रहे मजदूर को डंपर ने चपेट में ले लिया। हादसे में मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मृतक की बॉडी को मॉर्च्युरी में भिजवाया गया।

### ड्राइवर को किया डिटेन

गोविंद मजदूरी करता था। वह मजदूरी करने के लिए सांगरिया फांटा के पास आया था। जहां डंपर ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद पुलिस ने डंपर को जब्त किया। वहीं डंपर ड्राइवर को डिटेन कर लिया। पुलिस अब गोविंद के परिजन की ओर से दी रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

## अणुव्रत नगर में जैन स्नेह मिलन समारोहः मिच्छामी दुक्कड़म के साथ गले मिले जैन समाज के लोग, 10 रुपए में पुड़ी-सब्जी

जूम न्यूज • पाली



जैन समाज में सामूहिक क्षमापणा और स्नेह मिलन के उद्देश्य से जैन युवा संगठन की ओर से रविवार को अणुव्रत नगर में जैन स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें जिलेभर से करीब 10 से 12 हजार जैन समाज के लोग शामिल हुए। मेले में 110 से अधिक तरह-तरह के व्यंजनों की स्टॉल लगाई गईं। समाजबंधु अपनी पसंद के व्यंजनों का स्वाद लेते नजर आए। मेले में विधायक भीमराज भाटी, पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख, पूर्व सभापति महेंद्र बोहरा सहित कई जनप्रतिनिधि भी पहुंचे। मेले में विभिन्न व्यंजन काफी रियायती दरों पर उपलब्ध करवाए गए। इसके साथ ही 50 से अधिक घरेलू सामान की स्टॉल लगाई गईं, जहां जमकर खरीदारी भी हुई। मेले में जैन समाजबंधु परिचितों और रिश्तेदारों से आत्मीयता से मिले। एक-दूसरे से गले मिलकर 'मिच्छामी दुक्कड़म' कहते हुए क्षमा याचना की। इससे पहले सुबह अतिथियों ने विधि-विधान से मेले का शुभारंभ किया। सुबह से शाम तक चले मेले में समाजबंधुओं के लिए भोजन की भी व्यवस्था रही। शाम को एक-दूसरे से फिर मिलने का वादा करते हुए जैन समाजबंधु हंसी-खुशी अपने घर लौटे।

इस बार मेले में 110 स्टॉल लगाई गईं। इनमें 50 स्टॉल घरेलू सामान की थीं, जबकि शेष स्टॉल पर विभिन्न तरह के व्यंजन, कोल्ड ड्रिंक, आइसक्रीम सहित अन्य खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाई गई। मेले की खास बात यह रही कि यहां लगाई जाने वाली अधिकांश स्टॉल जैन समाज के विभिन्न संगठनों की ओर से लगाई गई थीं।

इन स्टॉल पर लागत मूल्य पर मेलार्थियों को तरह-तरह के व्यंजन उपलब्ध करवाए गए। मेले में 50 रुपए में भोजन की थाली, 10 रुपए में पुड़ी-सब्जी, 5 से 10 रुपए में कोल्ड ड्रिंक और 5 रुपए में पान उपलब्ध करवाया गया। बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले भी लगाए गए। लोगों के बैठकर नाश्ता करने के लिए टेबल-कुर्सियों के साथ आकर्षक पंडाल सजाया गया। मेले में दो से अधिक सेल्फी पॉइंट भी बनाए गए, जहां युवा सेल्फी और ग्रुप फोटो लेते नजर आए। इसके साथ ही मेडिकल कैंप और रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया।

## आयुर्वेद अस्पताल का अतिरिक्त निदेशक ने निरीक्षण किया, मरीजों से भी मिले

जूम न्यूज • ब्यावर



अजमेर में आयुर्वेद विभाग राजस्थान की अतिरिक्त निदेशक ज्योति ककवानी ने ब्यावर के श्री चांदमल मोदी राजकीय जिला आयुष अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल की सुविधाओं, दवाइयों और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। ककवानी ने दवा वितरण कक्ष, धनवंतरी औषध उद्यान, पंचकर्म कक्ष, ऑपरेशन थिएटर, बायोवेस्ट प्रबंधन और आग बुझाने के उपकरणों की व्यवस्था जांची। उन्होंने भर्ती मरीजों से उनके उपचार व सुविधाओं पर भी बात की। उन्होंने RGHS और मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना (MAA) के मरीजों की जानकारी ली। श्रीमती ककवानी ने अर्श-भगन्दर और पंचकर्म चिकित्सा सेवाओं को बेहतर बनाने के साथ ही RGHS व MAA योजना से ज्यादा लोगों को लाभ पहुंचाने पर जोर दिया। अस्पताल प्रभारी डॉ. पारस चौहान ने बताया कि भर्ती मरीजों के लिए पर्याप्त दवाइयां, मुफ्त भोजन और स्टाफ उपलब्ध है। MAA योजना के तहत नया फर्नीचर, पलंग, आग बुझाने के उपकरण, पंचकर्म के यंत्र और क्षारसूत्र कैबिनेट भी अस्पताल को मिली है।

### 70वीं राज्य स्तरीय 14 वर्षीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयी लॉन टेनिस प्रतियोगिता का समारोहपूर्वक आगाज

# लॉन टेनिस ताकत का नहीं, बल्कि सही रणनीति का खेलः कुमावत





**जूम न्यूज • पाली**

शहर के सेंट जेवियर उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवार से 70वीं राज्य स्तरीय 14 वर्षीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयी लॉन टेनिस प्रतियोगिता का सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समारोहपूर्वक आगाज हुआ।

प्रधानाचार्य एवं संयोजक उमा यादव ने बताया कि उद्घाटन समारोह का आगाज मॉ सरस्वती की तस्वीर के समक्ष द्वीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम मे अतिथियो ने परेड के मार्च पास्ट की सलामी ली। मुख्य अतिथि पशुपालन एवं देवस्थान विभाग मंत्री जोराराम कुमावत ने खिलाडियों को खेल को खेल की भावना से खेलने की शपथ दिलवाकर कहा कि लॉन टेनिस केवल ताकत का खेल नहीं, बल्कि बेहतरीन सर्विस, सटीक फोरहैंड-बैकहैंड, प्रभावी वॉली, तेज फुटवर्क और सही रणनीति का खेल है। जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक कानाराम वागोरिया ने सभी अतिथियों एवं संभागियो का स्वागत कर कहा की एक अच्छे खिलाड़ी के लिए शारीरिक फिटनेस के साथ-साथ धैर्य, रणनीति, त्वरित निर्णय क्षमता और आत्मविश्वास भी आवश्यक हैं। कार्यक्रम को पूर्व प्रधान प्रतिनिधि पुखराज पटेल, किसान केसरी भंवर चौधरी, पार्षद मानवेन्द्र सिंह भाटी, तेज सिंह चौहान, त्रिलोक चौधरी, तेजाराम,नरेश बोहरा , एडीईओ प्रारंभिक तेज सिंह पंवार, पूर्व एडीईओ एवं समाजसेवी रामलाल कुमावत, प्रधानाचार्य बसन्त कुमार परिहार,मांगीलाल पटेल ने भी संबोधित किया।

**निर्णायको को किया मनोनीत-** सह संयोजक पिनल मोदी एवं सचिव राहुल परमार के अनुसार राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु निदेशालय बीकानेर स्तर से शारीरिक शिक्षक निर्णायक के रूप में प्रियंका कुमारी,भजनलाल,पुरुषोतम ,नंदकिशोर बागड़ी,स्वरूप कुमार,उज्जवल दाधीच,प्रदीप,नरेश पाटीदार,विजयपाल सिंह, विरेन्द्र सिंह को लगाया गया है । मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह परिहार ने बताया की प्रतियोगिता की व्यवस्थाओं को लेकर जिला खेलकूद प्रभारी छेलेन्द्र सिंह राठौड़, कार्यालय खेलकूद प्रभारी लालचंद प्रजापति, शारीरिक शिक्षक भवानी बालवंशी, मुकेश मेवाड़ा, शैतानसिंह,कविता बालवंशी,मनोहर सिंह मुसालिया, अरुण चौधरी, विकास राजपुरोहित, लीना प्रकाश, आराधना राजपुरोहित,मोनाली साहू,स्वाति पारिक, सुमन राठोड, ममता भाटी विपुल कँवर आशा वरयानी दिव्या शर्मा अनुराधा चंद्रेश राठोड, प्रतीका गुरनानी हीना जांगिड हर्षिता थवानी अनीता गुरनानी सोनम संगवानी सोनल प्रजापत तखतराज सोनी तारा अग्रवाल योगेश चौधरी डोमिनिक नथमल पंवार विरेन्द्र व्यास जसाराम सहित गठित विभिन समितियों के प्रभारिगण एवं आयोजन टीम के सदस्य व्यवस्थाओं में लगे हुए है । उद्घाटन मैच डीडवाना एवं चित्तौड़गढ़ जिले के मध्य हुआ ।संचालन गणपत पन्नू एवं रामदयाल जांगिड ने किया ।

# अभिनव पब्लिक स्कूल बिलाड़ा में 70वीं राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता की तैयारियां तेज, 1200 खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम

**जूम न्यूज • बिलाड़ा**






अभिनव पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बिलाड़ा में आयोजित होने जा रही 70वीं राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता को लेकर तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। प्रतियोगिता में राजस्थान राज्य के विभिन्न जिलों से लगभग 180 टीमों के करीब 1200 खिलाड़ी भाग लेंगे। यह प्रतियोगिता 1 अक्टूबर से 7 अक्टूबर 2026 तक अभिनव पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बिलाड़ा में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता के सफल, सुव्यवस्थित एवं भव्य आयोजन को लेकर आज विद्यालय संस्था निदेशक देवी सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में एक विस्तृत बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रतियोगिता से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं, खिलाड़ियों के आवास, भोजन, आवागमन, खेल मैदान, अनुशासन एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा कर आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई।

बैठक में राज्य के विभिन्न जिलों से आने वाले खिलाड़ियों एवं टीम प्रभारियों के ठहरने, भोजन, पेयजल, स्वच्छता तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न समितियों एवं टीमों के दायित्व निर्धारित करने पर चर्चा की गई। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को बेहतर खेल वातावरण एवं सुविधाजनक आवास उपलब्ध करवाने के लिए विद्यालय प्रबंधन द्वारा विशेष तैयारियां की जा रही हैं। आयोजन को सफल बनाने के लिए सरकारी एवं गैर-सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक एवं अन्य संस्थाओं का भी सहयोग लिया जाएगा। सभी के सामूहिक प्रयासों से प्रतियोगिता को व्यवस्थित, अनुशासित एवं यादगार बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

संस्था निदेशक देवी सिंह राठौड़ ने बैठक में प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए सभी संबंधित सदस्यों को आपसी समन्वय, जिम्मेदारी एवं समर्पण के साथ कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राज्य के विभिन्न जिलों से आने वाले खिलाड़ियों एवं खेल अधिकारियों को बिलाड़ा में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना विद्यालय एवं आयोजन समिति की प्राथमिकता रहेगी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मनीष मुलेवा सहित विद्यालय के अनेक शिक्षक एवं आयोजन से जुड़े सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर अपने सुझाव प्रस्तुत किए तथा विभिन्न व्यवस्थाओं को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने पर चर्चा की।

उल्लेखनीय है कि 1 से 7 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता बिलाड़ा के लिए खेल एवं शैक्षिक क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण आयोजन होगी। लगभग 1200 खिलाड़ियों की सहभागिता से क्षेत्र में खेल भावना, आपसी सौहार्द एवं खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलेगा। विद्यालय प्रबंधन द्वारा प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं।

## ब्रीफ न्यूज

### जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में चुनाव की तैयारियों के संबंध में बैठक



**जूम न्यूज • फलौदी**

आगामी पंचायतीराज चुनावों की तैयारियों के संबंध में सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार सिंह ने समीक्षा बैठक लेते हुए शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रकोष्ठ प्रभारियों को कार्मिको की ड्यूटी लगवाने व उनके कार्य निर्धारण करने के निर्देश दिए। आदर्श आचरण संहिता लगने पर प्रभावी पालना सुनिश्चित करने तथा इसके उल्लंघन से संबंधित प्रकरणों पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन अवधि में सभी अधिकारी एवं कार्मिक आयोग द्वारा निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप कार्य करें तथा किसी भी प्रकार की शिकायत अथवा उल्लंघन की सूचना प्राप्त होने पर उसका नियमानुसार त्वरित संज्ञान लिया जाए। निर्वाचन से संबंधित प्राप्त शिकायतों एवं प्रकरणों के त्वरित संज्ञान, तथ्यात्मक परीक्षण एवं नियमानुसार निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी प्रकोष्ठ प्रभारियों से तैयारियों की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक सतनाम सिंह,उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका तलानिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

### राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में होने आवश्यक हैः मेहता



**जूम न्यूज • जोधपुर**

राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन ग्रामीण क्षेत्र में होने से ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के अवसर मिलेगे। यह बात ओसियां उपखंड अधिकारी रामनिवास मेहता ने कस्बे की तरुण सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार से शुरु हुई 70वी राज्य स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता छात्र 17 व 19 आयु वर्ग के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में बोलते हुए कहा कि बड़े स्तर की खेल प्रतियोगिताओं के ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजन होने से बच्चों को नजदीक से इन्हे देखने का मौका मिलता है परिणामस्वरूप अधिकाधिक बच्चों को खिलाड़ी बनने का मौका मिलता हैं। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक प्रदीपसिंह चारण व तहसीलदार पदमाराम भाकल ने बतौर विशिष्ट अतिथि संबोधित किया। शिक्षा विभाग जोधपुर मंडल के संयुक्त निदेशक हिम्मतसिंह तंवर ने समारोह की अध्यक्षता करते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।फिजिकल डिप्टी सुनिल भाटी, डाइट प्रिंसीपल भरत पारीक, सीबीइओ रामलाल प्रजापत, राजस्थान शारिरिक शिक्षा शिक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष हापूराम चौधरी, पीराराम सियोल ने भी खिलाड़ियों को संबोधित किया।ओसियां विधायक भैराराम सियोल ने नई दिल्ली से आनलाइन लाईव टेलिकास्ट से संबोधित करते हुए खिलाड़ियों से आह्वान किया कि अनुशासन से खेलते हुए आगे बढ़े। इस अवसर पर इंजीनियर महिपाल चौधरी,डाक्टर राजीव भाकर, देवाराम जाजड़ा, बाबूराम जांदू, हरिराम जांदू ,विनोद जाखड़,मोहन राम सोऊ,माधाराम डेम्बा,रघुनाथराम गोरसिया सहित गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की ।प्रतियोगिता संयोजक तरुण स्कूल निदेशक हनुमानसिंह भाकर ने सभी का आभार जताया। मंच का सफल संचालन बलवान सारण और विजय सोलंकी ने किया।

### कुमावत समाज के अध्यक्ष के 48वें जन्मदिन पर रक्तदान शिविर 1 अक्टूबर को

**जूम न्यूज • जैतारण**



**जैतारण**। कुमावत समाज 44 खेड़ा जैतारण पट्टी के अध्यक्ष एवं समाजसेवी श्यामलाल कुमावत के 48 वे जन्म दिवस पर विशाल रक्तदान शिविर 1 अक्टूबर को सुबह 9:00 से शाम 4:00 बजे तक एसएमएस अस्पताल कुमावत छात्रावास के सामने जैतारण में यह रक्तदान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा यह आयोजन जूना बाबा लायंस क्लब एनजीओ के तत्वाधान में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी जूना बाबा आयोजन समिति के गोपाल बीदादा ने दी।

# मंगला पशु बीमा योजना से पशुपालकों को मिला आर्थिक सुरक्षा का भरोसा

### खारिया खंगार शिविर में संतोष की एक और मुनी देवी की दो गायों की बीमा पॉलिसी वितरित

**जूम न्यूज • पीपाड़ शहर**




विकसित भारत–जन सेवा अभियान-2026 के तहत पंचायत समिति पीपाड़ शहर की ग्राम पंचायत खारिया खंगार में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर पशुपालकों के लिए आर्थिक सुरक्षा का माध्यम बना। शिविर के दौरान मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत पात्र पशुपालकों को पशुधन की बीमा पॉलिसियां वितरित की गईं।

शिविर में ग्राम पंचायत खारिया खंगार निवासी पशुपालक संतोष की एक गाय का बीमा कर उन्हें बीमा पॉलिसी प्रदान की गई। वहीं मुनी देवी की दो गायों का बीमा करते हुए उन्हें भी बीमा पॉलिसियां सौंपी गईं।पशुधन का बीमा होने से पशुपालकों को आकस्मिक परिस्थितियों में आर्थिक सुरक्षा का भरोसा मिला है। योजना के माध्यम से पशुधन की सुरक्षा के साथ पशुपालकों को संभावित आर्थिक नुकसान से राहत देने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीण सेवा शिविरों के माध्यम से पात्र पशुपालकों को योजनाओं का लाभ मौके पर उपलब्ध कराया जा रहा है।बीमा पॉलिसी मिलने पर संतोष एवं मुनी देवी ने प्रसन्नता व्यक्त की तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, राजस्थान सरकार एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि पशुधन का बीमा होने से भविष्य में किसी आकस्मिक परिस्थिति में आर्थिक सहायता मिलने का भरोसा मिला है।

# 46 ग्राम एमडी, 100 ग्राम अवैध अफीम, 329 ग्राम अवैध डोडा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जूम न्यूज • जोधपुर**



भोपालगढ पुलिस ने मादक पदार्थो के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 46 ग्राम एमडी, 100 ग्राम अवैध अफीम, 329 ग्राम अवैध डोडा के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक जोधपुर ग्रामीण के निर्देशानुसार जिले में मादक पदार्थों की तस्करी एवं अवैध कारोबार के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस थाना भोपालगढ़ द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद जब्त करने में सफलता प्राप्त की है। दिनांक 27.08.2026 को पुलिस थाना भोपालगढ़ टीम ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जोधपुर ग्रामीण रामेष्वर लाल के सुपरविजन एवं वृताधिकारी वृत भोपालगढ़ गुलाबाराम के निकट सुपरविजन में थानाधिकारी श्री राजूराम बामणिया, नि.पु. के नेतृत्व में कानि. बुद्धिप्रकाश मीणा की आसूचना के आधार पर कस्बा भोपालगढ़ में मावा की दुकान की आड़ में आरोपी लोकेश पुत्र मदनलाल, जाति सुथार, निवासी कुम्भारा, पुलिस थाना भोपालगढ़ के कब्जे से 46.00 ग्राम एमडी, 100 ग्राम अवैध अफीम,329 ग्राम अवैध डोडा पोस्त करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी के विरुद्ध पुलिस थाना भोपालगढ़ में धारा 8/18, 22, 15 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान थानाधिकारी पुलिस थाना खेड़ापा लाखाराम, नि.पु. द्वारा किया जा रहा है।

**गिरफ्तार आरोपीः-** लोकेश पुत्र मदनलाल, जाति सुथार, निवासी कुम्भारा पुलिस थाना भोपालगढ।

उक्त कार्यवाही मुख्य भूमिका राजूराम बामणिया निपु थानाधिकारी भोपालगढ, कानि प्रकाष गोस्वामी, कमलकिषोर, बुद्दीप्रकाष (विषेष भुमिका), प्रकाष चन्द्र, श्रवण बेनण, धर्मराज की विषेष भुमिका रही। जिला जोधपुर ग्रामीण पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी एवं अवैध कारोबार के विरुद्ध अभियान लगातार जारी है।

### आयोजन की तैयारियों को लेकर मंदिर प्रांगण में श्रीमाली ब्राह्मण समाज के बंधुओं की विशेष बैठक

# श्रीमाली समाज मनाएगा महालक्ष्मी जन्मोत्सव, 3 अक्टूबर को होंगे आयोजन

### सुबह 7:30 बजे महालक्ष्मी माता का अभिषेक होगा, 10 बजे हवन का आयोजन



**जूम न्यूज • पीपाड़ सिटी**

श्रीमाली समाज की आराध्य देवी श्री महालक्ष्मी माता का जन्मोत्सव श्राद्ध पक्ष की अष्टमी के अवसर पर 3 अक्टूबर को श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर महालक्ष्मी मंदिर प्रांगण में श्रीमाली ब्राह्मण समाज के बंधुओं एवं वरिष्ठजनों की विशेष बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से जन्मोत्सव कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई तथा आयोजन को भव्य रूप से मनाने का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम संयोजक प्रकाश चंद्र दवे ने बताया कि जन्मोत्सव के अवसर पर सुबह 7:30 बजे महालक्ष्मी माता का अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद सुबह 10 बजे विश्व कल्याण की कामना को लेकर महायज्ञ आयोजित होगा, जिसकी पूर्णाहुति दोपहर 12:15 बजे होगी। दोपहर 2 बजे महिलाओं द्वारा भजन कार्यक्रम आयोजित कर मां महालक्ष्मी की आराधना की जाएगी।उन्होंने बताया कि शाम 4 बजे प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित होगा। इसमें समाज को गौरवान्वित करने वाले प्रतिभावान एवं विशिष्ट समाजबंधुओं का समाज के वरिष्ठजनों एवं कार्यकारिणी की ओर से सम्मान किया जाएगा। इसके बाद शाम 5 बजे महालक्ष्मी मंदिर से शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होकर पुनः महालक्ष्मी मंदिर पहुंचेगी, जहां महाआरती के साथ शोभायात्रा का समापन होगा।जन्मोत्सव के अवसर पर रात्रि में महालक्ष्मी जागरण का भी आयोजन किया जाएगा। इसमें शहर के ख्यातनाम कलाकार मां महालक्ष्मी के श्रीचरणों में भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। आयोजन को सफल बनाने के लिए अलग-अलग समितियों का गठन कर समाज के विशिष्टजनों को विभिन्न व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई है।बैठक में श्रीमाली समाज अध्यक्ष अशोक कुमार दवे, कमल किशोर दवे, हरिप्रसाद दवे, धनराज दवे, शांतिलाल दवे, राजेश दवे, दिनेश दवे, अनिल दवे, पुजारी पंडित सुनील दवे, मुकेश दवे, भरत दवे, रितेश दवे, दिव्यांश दवे, दीपक दवे, ऋषि दवे, सुरेश दवे, दिलीप जोशी, कैलाश व्यास सहित समाज के अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। समाजबंधुओं ने महालक्ष्मी जन्मोत्सव को श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ भव्य रूप से मनाने का संकल्प लिया।

# विद्यार्थियों के कौशल विकसित करने का प्रयास है प्रबल कार्यक्रम: बबीता सैनी




**जूम न्यूज • चूरू**

21वीं सदी के कौशल एवं जीवन कौशल विकास के उद्देश्य से समग्र शिक्षा के अंतर्गत पीएम श्री बागला राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, चूरू में प्रधानाचार्य बबीता सैनी के निर्देशन में प्रबल कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। प्रधानाचार्य बबीता सैनी ने बताया कि विद्यार्थियों में रचनात्मकता, तार्किक चिंतन, समस्या समाधान, नेतृत्व क्षमता, सामूहिक सहभागिता एवं पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. विनय कुमार सोनी ने बताया कि पूरे सत्र में 14 कौशलों पर आधारित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसी क्रम में सितंबर माह में समस्या समाधान प्रतियोगिता तथा पर्यावरण संरक्षण अभियान आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने पोस्टर एवं चार्ट बनाकर वृक्षारोपण, जल संरक्षण और स्वच्छ पर्यावरण का संदेश दिया। कार्यक्रम समिति सदस्य गौरी शंकर राव ने बताया कि प्रबल कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास कर उन्हें 21वीं सदी के आवश्यक जीवन कौशलों से सशक्त बनाना है।

## ब्रीफ न्यूज

### पत्रकार पर हमले के विरोध में एसपी को ज्ञापन सौंपा, प्रदर्शन की चेतावनी



**जूम न्यूज • जैतारण**

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार प्रवीण कुमार लक्षकार के अपहरण और जानलेवा हमले के विरोध में सोमवार को जैतारण ब्लॉक पत्रकार संघ ने ब्यावर जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की मांग की जैतारण ब्लॉक पत्रकार संघ अध्यक्ष शंकरलाल पन्नू एवं IFWJ संघ के जिला अध्यक्ष कुलभूषण उपाध्याय की मौजूदगी में सौंपे ज्ञापन में बताया कि 16 सितंबर को पत्रकार प्रवीण कुमार लक्षकार को दिनदहाड़े स्कॉर्पियो में जबरन बैठाकर कालू थाना क्षेत्र के एक सुनसान स्थान पर ले जाया गया। वहां लोहे की पाइप व डंडों से मारपीट कर गंभीर हालत में छोड़ दिया गया। हमले में उनके एक हाथ में फ्रैक्चर हुआ तथा पैरों सहित शरीर पर गहरी चोटें आईं।पत्रकार संघ ने घटना को गंभीर बताते हुए आरोपियों के खिलाफ निष्पक्ष जांच एवं कठोर कार्रवाई, साथ ही पत्रकार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। संघ ने चेतावनी दी कि यदि आरोपियों के खिलाफ जल्द ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो प्रदेश ही नहीं, देशभर में पत्रकार एकजुट होकर प्रदर्शन करेंगे इस दौरान बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री के सुमेरपुर दौरे की तैयारियां तेज, पीएम श्री विद्यालय में हेलीपैड

**जूम न्यूज • सुमेरपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के 30 सितंबर 2026 को प्रस्तावित सुमेरपुर दौरे को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। मुख्यमंत्री के हेलीकॉप्टर की लैंडिंग के लिए कस्बे के पीएम श्री विद्यालय प्रांगण



में हेलीपैड बनाया जा रहा है। वहीं तखतगढ़ कस्बे के टाउन हॉल में पाली, जालौर और सिरोही जिलों के निकाय चुनाव में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर पुलिस प्रशासन, उपखंड प्रशासन और नगर पालिका प्रशासन व्यवस्थाओं में जुटा हुआ है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री 30 सितंबर को सुमेरपुर आएंगे और तीनों जिलों के जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री लगातार दौरे कर रहे हैं और स्वास्थ्य खराब होने के बावजूद काम में जुटे हैं। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ वह स्थानीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत सहित पाली, जालौर और सिरोही जिलों के विधायक तथा नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्षों के मौजूद रहने की संभावना है। हालांकि मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से अभी दौरे का आधिकारिक समय जारी नहीं किया गया है।

### बाली में 100 में से 18 युवाओं को मिला काम, रोहट में सिर्फ 5 को

**जूम न्यूज • पाली**

वीबीजीरामजी योजना में 18 से 30 वर्ष के युवा वर्ग को काम देने के मामले में बाली ब्लॉक जिलेभर में शीर्ष पर है। रोहट ब्लॉक सबसे निचले पायदान पर पिछड़ गया है। दोनों ब्लॉकों के बीच रोजगार दर का अंतर 3.6 गुना से भी अधिक दर्ज किया गया है। सभी 10 ब्लॉकों में 18 से 30 वर्ष आयु वर्ग के कुल 43 हजार 523 युवा पंजीकृत हैं। इनमें से अब तक महज 4615 युवाओं को ही मस्टररोल में काम मिल पाया है। जिला स्तर पर युवाओं की औसत रोजगार उपलब्धता दर 10.60 प्रतिशत है। बाली में इस आयु वर्ग के कुल 8,571 युवा नामांकित हैं, जिनमें से 1578 युवाओं को योजना के तहत रोजगार दिया गया है। 18.41 प्रतिशत की इस रोजगार दर के साथ बाली जिले में पहले स्थान पर बना हुआ है। प्रदेश में अन्य जिलों के मुकाबले में पाली जिला 12वें पायदान है बना हुआ है। अब तक योजना में कुल 4 हजार 615 व्यक्तियों को रोजगार मिला है। वहीं पूरे प्रदेश में पहले स्थान भीलवाड़ा है जहां पर जेन जी 18 से 30 आयु वर्ग वाले 109744 पंजीकृत मजदूरों के मुकाबले में 19 हजार 220 युवाओं को रोजगार मिला। रोहट ब्लॉक 18 से 30 वर्ष आयु वर्ग के 3446 युवा पंजीकृत हैं, लेकिन रोजगार केवल 175 युवाओं को मिला।

# विकास कार्यों में नियमों की पालना और गुणवत्ता सुनिश्चित करें: सत्यानी

## वीबी-जीरामजी आयुक्त पुष्पा सत्यानी ने सुजानगढ़ पंचायत समिति क्षेत्र में विकास कार्यों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**जूम न्यूज • चूरू**

वीबी-जीरामजी आयुक्त पुष्पा सत्यानी ने सोमवार को सुजानगढ़ पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत शोभासर और खुड़ी में ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज से जुड़े विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने मुख्यमंत्री बजट घोषणाओं के तहत संचालित कार्यों, अमृत पोषण वाटिका, नमो नर्सरी, वृक्षारोपण और पशु आश्रय स्थल का जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। सत्यानी ने कहा कि वीबी-जीरामजी योजना के तहत विकास कार्यों में निर्धारित प्रावधानों और नियमों की पालना सुनिश्चित की जाए। सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से पूरे हों। श्रम और सामग्री का निर्धारित अनुपात नियमानुसार बनाए रखने के साथ कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।

उन्होंने शोभासर और खुड़ी में संचालित अमृत पोषण वाटिकाओं का निरीक्षण कर उनकी उपयोगिता की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में विकसित इन वाटिकाओं में पोषणयुक्त सब्जियां, फलदार और उपयोगी पौधे लगाए जा रहे हैं। इससे बच्चों को ताजी एवं पौष्टिक सब्जियां उपलब्ध होने के साथ स्वस्थ और हरित वातावरण भी मिलेगा। आयुक्त ने शोभासर में स्थापित नमो नर्सरी और वृक्षारोपण कार्यों का निरीक्षण किया, वहीं खुड़ी में पशु आश्रय स्थल की व्यवस्थाएं देखीं। इस दौरान उन्होंने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सीईओ श्वेता कोचर ने ग्रामीण विकास से जुड़े कार्यों तथा वीबी-जीरामजी योजना के तहत स्वीकृत, प्रगतिरत और पूर्ण कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने सभी विकास कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने की बात कही। निरीक्षण के दौरान बीदासर बीडीओ इंद्रपाल सिंह, शोभासर प्रशासक बसीरा बानो, खुड़ी प्रशासक नवीन शीलू, एईएन ज्योति, जेईएन वीरेंद्र सिंह, जेईएन विनोद मंडार, ग्राम विकास अधिकारी गोविंद, गौरव कालेर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधि एवं कार्मिक उपस्थित रहे।



# राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जोधपुर जिले की टीम धौलपुर रवाना

**जूम न्यूज • जोधपुर**



शिक्षा विभाग राजस्थान बीकानेर के तत्वावधान में आयोजित 70वीं 17 वर्षीय राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जोधपुर जिले की टीम धौलपुर के लिए रवाना हुई। प्रतियोगिता का आयोजन धौलपुर के तासिमों में किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों की टीमें हिस्सा लेंगी।

दलाधिपति पुष्पेंद्र सिंह चंपावत ने बताया कि इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में राज्य के सभी जिलों की टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता में जोधपुर की टीम बेहतर प्रदर्शन के लिए पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरेगी। दल प्रबंधन महेंद्र सिंह बारा ने बताया कि टीम में कैप्टन आर्यन, शिवराज सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, शक्ति सिंह, उदयभान सिंह, जाहिन खिलजी, हिमांशु सिंह, परीक्षित विश्नोई, अमन चौधरी, प्रगति सांखला, त्रिभुवन सिंह, परमवीर सिंह, लक्ष्यराज सिंह, रिदम मालवीय, दिव्यवर्धन प्रताप सिंह राणावत, आयुष्मान सिंह, यशवीर सिंह सहित अन्य खिलाड़ी शामिल हैं। रवानगी से पहले खिलाड़ियों का तिलक लगाकर उत्साहवर्धन किया गया। खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में अनुशासन, टीम भावना और शानदार खेल प्रदर्शन के साथ जोधपुर जिले का नाम रोशन करने का संकल्प लिया।

# कच्चा बस स्टैंड रेहड़ी विवाद: हाईकोर्ट ने स्थगन आदेश चार सप्ताह बढ़ाया

### दुकानदारों के कथित अतिक्रमण पर अदालत का सख्त रुख, संबंधित पक्षों से जवाब तलब

**जूम न्यूज • सरदारशहर**

कच्चा बस स्टैंड पर रेहड़ी-ठेला संचालकों की शिफ्टिंग को लेकर चल रहे विवाद में राजस्थान हाईकोर्ट, जोधपुर ने सुनवाई के दौरान रेहड़ी वालों को राहत देते हुए 24 सितंबर 2026 को जारी स्थगन आदेश को आगामी चार सप्ताह के लिए बढ़ा दिया है। इससे फिलहाल रेहड़ी-ठेला संचालकों को अंतरिम राहत जारी रहेगी।

सुनवाई के दौरान कच्चा बस स्टैंड क्षेत्र में दुकानदारों द्वारा सड़क या सार्वजनिक स्थान पर किए गए कथित अतिक्रमण का मुद्दा भी न्यायालय के सामने आया। इस पर अदालत ने सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित पक्षों को अपना जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि रेहड़ी-ठेला संचालकों को हटाने और शिफ्टिंग की कार्रवाई के बीच हाईकोर्ट ने 24 सितंबर को स्थगन आदेश जारी किया था। अब सुनवाई के बाद इसे चार सप्ताह के लिए आगे बढ़ा दिया गया है। इस अवधि में पूर्व आदेश के अनुसार अंतरिम स्थिति बनी रहेगी। इससे पहले लाइसेंसधारी स्ट्रीट वेंडरों ने भी हाईकोर्ट में आवेदन प्रस्तुत कर आशंका जताई थी कि लाइसेंस होने के बावजूद उन्हें कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। अदालत ने आवेदन स्वीकार करते हुए उन्हें मामले में पक्षकार बनाने का आदेश दिया था। कच्चा बस स्टैंड पर रेहड़ी-ठेलों की शिफ्टिंग, वेंडिंग जोन और दुकानदारों के कथित अतिक्रमण को लेकर चल रहे विवाद में अब अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी।

# नव-सृजित पंचायत समिति कापरड़ा की पहली प्रधान बनेगी अनुसूचित जाति की महिला

## प्रधान के लिए चुनावी हलचल तेज, गांवों में हथाईया व चुनावी चौपाल शुरू

**जूम न्यूज • बिलाड़ा**

पंचायती राज चुनाव की आरक्षण लॉटरी में कापरड़ा की कई नव-सृजित (नई बनी) पंचायत समिति में प्रधान पद के आरक्षण की तस्वीर साफ हो गई है,जोधपुर जिले की नव-सृजित पंचायत समिति कापरड़ा में पहली बार अनुसूचित जाति महिला वर्ग के लिए प्रधान का पद आरक्षित किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी की गई लॉटरी के अनुसार,कापरड़ा के प्रधान पद की कमान अब अनुसूचित महिला संभालेंगी, जिसके बाद क्षेत्र में राजनीतिक हलचल और उम्मीदवारों के बीच चर्चाएं काफी तेज हो गई हैं, पंचायत समिति में पहली बार अनुसुचित वर्ग की महिला प्रधान बनने का रास्ता खुला है, इससे पंचायत समिति के नेतृत्व में महिलाओं और अनुसूचित जाति वर्ग को प्रतिनिधित्व मिलेगा।

**प्रधान पद के दावेदार सक्रिय:** नई बनी पंचायत समिति कापरड़ा में पहली प्रधान अनुसूचित जाति महिला के आरक्षित होने पर चर्चा का बाजार गर्म है, पहली प्रधान होने से महिलाओं में जोरदार उत्साह है और चुनाव की तैयारियां में जुट गई है, और अपनी चुनाव में सम्भावित दावेदार के रूप में पेश कर रही है,यह तो मण्डल चुनाव जितने पर पता चलेगा किस के सिर पर प्रधान का सेहरा बंधेगा।

**कापरड़ा ग्राम पंचायत में 15 वार्ड:** नई बनी पंचायत समिति कापरड़ा में वार्ड वार लाटरी निकाली गई जिसमें मण्डल सदस्य प्रधान का चुनाव करेंगे,

**एससी ओपन** - वार्ड संख्या 7 व 13,एस सी महिला - वार्ड संख्या 1,ओबीसी ओपन - वार्ड संख्या 6 व 12,ओबीसी महिला - वार्ड संख्या 3,अनारक्षित ओपन - वार्ड संख्या 2,8,9 व 10,

**अनारक्षित महिला - वार्ड संख्या 4,5,11,14, व 15:** कापरड़ा पंचायत समिति में शामिल होगे। नई पंचायत समिति में कापरड़ा, बोयल, विष्णु नगर, सिन्धी नगर, लाम्बा, बाला, मतवालों की ढाणी,रावर, ओलवी, होलपुर कला, हरियाड़ा,फिटकासनी,कांकेलाव, बिरामी, बिरड़ावास, पालासनी, खारीकला, लोलावास, भटिंडा, बीनावास, चांदेलाव, चौढा, बेनण, बुचकला, जाटियावास, रामासनी, रामपुरिया भाटियान, हुणगाव कला गांव ग्राम पंचायत में शामिल हैं।

### नशा मुक्ति सेंटर की आड़ में नशीली दवाइयों का कारोबार

**बाड़मेर।** बाड़मेर पुलिस ने नशा मुक्ति सेंटर की आड़ में नशीली दवाइयों का कारोबार करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने गुजरात के एक डॉक्टर समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने जैसलमेर और गुजरात के महेसाणा में नशा मुक्ति सेंटर खोल रखे थे। पुलिस के अनुसार, इन सेंटरों की आड़ में नशीली दवाइयों का अवैध कारोबार किया जा रहा था। सदर थाना पुलिस ने पहले दर्ज दो मामलों की जांच करते हुए कड़ियां जोड़ीं और आरोपियों तक पहुंची।

एसपी चूनाराम जाट ने बताया कि बाड़मेर के दो थानों में नशीली दवाइयों से जुड़े मामले दर्ज हुए थे। पहला मामला 3 जनवरी 2026 को सामने आया था। रीको थानाधिकारी ने दानजी की होदी में एक कमरे पर दबिश देकर 6 हजार नशीली टेबलेट्स बरामद की थीं।

# डिगरना स्कूल में तोड़फोड़, सरकारी स्कूल की संपत्ति को बनाया निशाना

### राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल की घटना

**जूम न्यूज • जैतारण**

डिगरना ग्राम स्थित राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बने कंप्यूटर कक्ष में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा तोड़फोड़ किए जाने का मामला सामने आया है। स्कूल में बच्चों के अध्ययन एवं शैक्षणिक गतिविधियों के लिए सरकार की ओर से उपलब्ध कराई गई एलईडी टीवी, कंप्यूटर मॉनिटर तथा विद्यार्थियों के बैठने के लिए रखी गई कुर्सियों सहित अन्य सामान को नुकसान पहुंचाया गया घटना की जानकारी मिलने पर विद्यालय प्रशासन एवं ग्रामीणों में चिंता का माहौल है।

सरकारी शिक्षण संस्थान में हुई इस तोड़फोड़ से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होगी। ग्रामीणों ने विद्यालय



की सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है मामले की सूचना मिलने के बाद आनंदपुर कालू पुलिस थाना पुलिस जांच में जुट गई है। पुलिस द्वारा घटनास्थल का जायजा लेकर तोड़फोड़ करने वाले अज्ञात व्यक्तियों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। घटना के संबंध में जांच पूरी होने के बाद ही नुकसान एवं जिम्मेदार व्यक्तियों के बारे में स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।



# प्रभास की कल्कि 2 के लिए करना पड़ेगा लंबा इंतजार

नई दिल्ली। दो साल पहले सिनेमाघरों से लेकर बॉक्स ऑफिस तक शानदार प्रदर्शन करने वाली कल्कि 2898 एडी के सीक्वल की चर्चा लंबे समय से चल रही है। प्रभास, अमिताभ बच्चन और कमल हासन जैसे दिग्गज अभिनेताओं से सजी कल्कि 2 को लेकर अब लेटेस्ट अपडेट सामने आ रहा है। जो इस माइथोलॉजिकल और साइंस-फिक्शन फिल्म की रिलीज डेट से जुड़ा है। जिससे ये साफ हो गया है कि कल्कि के सीक्वल में देरी होगी। इसकी जानकारी फिल्म के निर्देशक नाग अश्विन की तरफ से दी गई है। उम्मीद है, हम अगले साल के मध्य तक पूरी शूटिंग पूरी कर लेंगे और फिर पोस्ट-प्रोडक्शन का काम करेंगे।

लाइफ Style



# तान्या

## मिस इंडिया पेजेंट से मिली पहचान

सोशल मीडिया पर इन दिनों तान्या मिश्रा चर्चा में बनी हुई हैं। दरअसल, रश्मिका मंदाना, प्रिया प्रकाश वारियर और तृप्ति डिमरी के बाद अब लोगों ने तान्या मिश्रा को भारत की नई नेशनल क्रश का टैग दे दिया है। तान्या मॉडल और एक्ट्रेस हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

31 जनवरी, 1999 को जन्मी अभिनेत्री मूल रूप से बिहार के गया की रहने वाली हैं और फिलहाल मुंबई में रहती हैं। तान्या ने मगध यूनिवर्सिटी से बी.कॉम की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद उन्होंने मॉडलिंग और एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा। उनके प्रोफेशनल पोर्टफोलियो में फेमिना, फिल्मफेयर और ग्राजिया जैसी मैगजीन के लिए फोटोशूट कर चुकी हैं। उन्हें पहली बार पॉपुलैरिटी तब मिली थी, जब अप्रैल-मई 2024 में वह 'फेमिना' के कवर पेज पर नजर आई थीं।


तान्या ने साल 2019 में ब्यूटी पेजेंट में भी हिस्सा लिया। वह आइवा मिस इंडिया में चौथी रनर-अप रहीं। इसके अलावा वह कई दूसरे अवॉर्ड्स जीत चुकी हैं। तान्या मिश्रा को नेशनल क्रश का टैग उनकी हालिया तस्वीरों के लिए मिला है। वायरल फोटो को देखने के बाद कोई उनकी अदाओं पर फिदा हो गया है, तो कोई उनके लुक्स में खो गया है। बता दें कि इंस्टाग्राम पर उनके 1.2 मिलियन फॉलोअर्स हैं। मॉडलिंग के साथ-साथ तान्या ने कई फिल्मों, वेब सीरीज और म्यूजिक वीडियोज में काम किया है। साल 2023 में उन्होंने फिल्म 'गजनवी' में नेहा नाम की लड़की का किरदार निभाया था।

हॉलीवुड मसाला



# म्यूजिक वीडियो में दिखेंगे डकोटा-कॉलिन

लॉस एंजिल्स। टेलर स्विफ्ट एक बार फिर अपने फैंस के लिए कुछ खास लेकर आ रही हैं। उनका नया गाना 'पेशेंट जीरो' जल्द रिलीज होने वाला है। इस म्यूजिक वीडियो में डकोटा जॉनसन और कॉलिन फैरेल साथ नजर आएंगे। खास बात यह है कि इस वीडियो का निर्देशन खुद टेलर स्विफ्ट ने किया है और इसका वर्ल्ड प्रीमियर 'एमटीवी वीएमए' में होगा। सिंगर ने गुरुवार को अपने एक्स हैंडल पर आने वाले म्यूजिक वीडियो की एक झलक शेयर की। टीजर में स्विफ्ट और डकोटा जॉनसन को एक-दूसरे की नकल करते हुए दिखाया गया है।



# टॉम की 'डिगर' में बूढ़े आदमी का किरदार

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड सुपरस्टार टॉम क्रूज इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'डिगर' के प्रमोशन में बिजी हैं। इसे एलेजांद्रो जी. इनारितु ने डायरेक्ट किया है, जिनकी दो फिल्में- 'बर्डमैन' और 'द रेवेनेंट' ऑस्कर जीत चुकी हैं। करीब एक दशक बाद एलेजांद्रो की यह पहली इंग्लिश फिल्म है। टॉम क्रूज ने इसमें डिगर रॉकवेल का किरदार निभाया है, जिसे 'दुनिया का सबसे ताकतवर आदमी' बताया गया है। वह तेल के कारोबार से जुड़ा है और अजीब स्वभाव वाला आदमी है। फिल्म के टीजर-ट्रेलर को खूब पसंद किया गया है, खासकर टॉम क्रूज के बूढ़े अवतार को। कहानी में डिगर रॉकवेल की जिंदगी तब बदल जाती है, जब ग्रीनलैंड में ड्रिलिंग के काम के दौरान गलती से बर्फ की एक बड़ी परत टूटकर अलग हो जाती है।



# बिना किसी कट के पास हुई दृश्यम -3

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन के फैंस उनकी फिल्म 'दृश्यम 3' का इंतजार कर रहे हैं। बस कुछ दिन और, उसके बाद ये फिल्म बड़े पर्दे पर होगी। सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने फिल्म को रिलीज के लिए मंजूरी दे दी है। 28 सितंबर को 'दृश्यम 3' सेंसर बोर्ड से पास हुई। खास बात ये है कि बोर्ड ने फिल्म में किसी भी तरह का कोई बदलालव नहीं करवाया है।दृश्यम 3 को सेंसर बोर्ड ने यू/ए 16+ सर्टिफिकेट दिया है। एक रिपोर्ट की मानें तो बोर्ड ने इसमें किसी भी तरह का कोई ऑडियो-विजुअल बदलाव नहीं करवाया। बिना किसी कट और बदलाव के फिल्म सेंसर बोर्ड से पास हो चुकी है। सेंसर सर्टिफिकेट मिलने के साथ ही 'दृश्यम 3' का रनटाइम भी सामने आ चुका है। दृश्यम 3 का रनटाइम 150 मिनट (2 घंटे 30 मिनट) है। ये फ्रेंचाइजी की दूसरी सबसे लंबी फिल्म है।




# 'रामायण' दिवाली से पहले दे सकती है दस्तक

नई दिल्ली। रणबीर कपूर की फिल्म 'रामायण' के रिलीज होने में अब करीब डेढ़ महीने का समय बचा है। इस फिल्म का ट्रेलर और म्यूजिक पहले ही धूम मचा चुका है। अब ऑडियंस रणबीर कपूर को राम और साई पल्लवी को सीता के किरदार में देखने का इंतजार कर रहे हैं, मेकर्स ने ग्रैंड अनाउंसमेंट के साथ फिल्म की रिलीज ओवरसीज में 5 नवंबर और भारत में दिवाली पर यानी 8 नवंबर बताई थी। लेकिन अब ताजा खबरों की मानें तो मेकर्स इस रिलीज डेट को बदलने का प्लान कर रहे हैं। यानी फिल्म 'रामायण' ऑडियंस को 8 नवंबर से पहले देखने को मिल सकती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'रामायण के मेकर्स ने तय किया कि वो फिल्म 5 नवंबर, गुरुवार को थिएटर में रिलीज करेंगे। इस बार ये फिल्म दुनियाभर में यानी भारत के साथ ओवरसीज में भी एक दिन रिलीज की जाएगी।

टीवी मसाला

# खतरों के खिलाड़ी 15 से रुहानिका हुई बाहर

नई दिल्ली। जैस्मिन भसीन के बाद रुहानिका धवन 'खतरों के खिलाड़ी 15' के सेमी फाइनल हफ्ते में मगरमच्छ वाले एलिमिनेशन स्टंट में हारने के बाद शो से बाहर हो गईं। 18 साल की इस एक्ट्रेस का शो का सफर यहीं खत्म हो गया, क्योंकि वह ग्रैंड फाइनल में पहुंचने का मौका चूक गईं। रुहानिका ने पूरे सीजन के दौरान अपनी हिम्मत, पक्के इरादे और मुश्किल स्टंट करके दर्शकों का दिल जीत लिया। कई मुश्किल टास्क का सामना करने के बावजूद उन्होंने अपना बेस्ट दिया और खुद को एक मजबूत कंटेस्टेंट साबित किया। उनके बाहर होने के बाद होस्ट रोहित शेट्टी ने रुहानिका के सफर और हर स्टंट में उनकी कोशिशों की तारीफ की। हालांकि, रुहानिका के बाहर होने से उनके फैंस निराश हैं, क्योंकि कई लोग इस एक्ट्रेस को फाइनल में ट्रॉफी के लिए मुकाबला करते देखना चाहते थे। रुहानिका धवन एक्ट्रेस फरहाना भट्ट के खिलाफ मगरमच्छ वाला स्टंट हार गईं और 'खतरों के खिलाड़ी 15' से बाहर हो गईं। उन्होंने फिनाले से ठीक पहले एलिमिनेशन स्टंट बीच में ही छोड़ दिया, जबकि फरहाना ने टास्क पूरा किया और जीत हासिल की। इससे पहले कप्तान के तौर पर रित्विक धनजानी को एक मुश्किल फैसला लेना पड़ा। उन्हें 'फियर फंदा' के लिए दो कंटेस्टेंट चुनने थे। 'पवित्र रिश्ता' के एक्टर ने रुबीना दिलैक और रुहानिका धवन को चुना। इसके बाद दोनों कंटेस्टेंट ने एलिमिनेशन स्टंट में मुकाबला किया। ट्रक वाले स्टंट में रुबीना 11 झंडे इकट्ठा करने में कामयाब रहीं, जबकि रुहानिका ने छह झंडे इकट्ठा किए।



## बिग बॉस 20 से कटा ईशा का पत्ता



नई दिल्ली। रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' में ड्रामा और ट्विस्ट का सिलसिला दिन पर दिन रफ्तार पकड़ता जा रहा है। आए दिन घरवाले एक-दूसरे से लड़ते-भिड़ते नजर आते रहते हैं। बिग बॉस 20 के इस वीकेंड का वार में सलमान खान ने बताया कि ईशा रिखी का शो से सफर खत्म हो गया है। रविवार के एपिसोड में सलमान खान ने इस शॉकिंग एलिमिनेशन का ऐलान किया और इसी के साथ ईशा रिखी बिग बॉस 20 से बाहर होने वाली दूसरी कंटेस्टेंट बन गई हैं। ईशा से पहले रोहेद खान शो से बाहर हो चुके हैं। पिछले हफ्ते यानी दूसरे वीकेंड का वार में सलमान खान ने उन्हें शो से बाहर का रास्ता दिखाया था। ईशा रिखी की बात करें तो शो में उनका सफर तीन हफ्ते का रहा, इस दौरान उन्होंने अपनी जगह बनाने की खूब कोशिश की, लेकिन आखिरकार उन्हें शो को अलविदा कहना पड़ा। इस हफ्ते घर से बेघर होने के लिए जो सदस्य नॉमिनेट थे, उनमें यंग डीएसए भी शामिल थे।



# 'ये तो साध्वी बन गई थी ना' ममता के मॉडर्न लुक पर उठे सवाल


नई दिल्ली। ममता कुलकर्णी 1990 के दशक के अपने मशहूर गानों पर डांस करते हुए वीडियो वायरल होने के बाद फिर से चर्चा में आ गई हैं। हाल ही में जयपुर में हुए 14वें राजस्थान फिल्म फेस्टिवल में एक्ट्रेस को 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। इवेंट में जब उनकी फिल्मों के गाने बजाए गए, तो उन्होंने स्टूडेंट्स के साथ डांस भी किया। ममता को घातक फिल्म के गाने 'कोई जाए तो ले आए', करण अर्जुन के 'एक मुंडा मेरी उम्र का' और सबसे बड़ा खिलाड़ी के 'लंबा-लंबा घूंघट' जैसे गानों पर डांस करते देखा गया। लोगों का ध्यान ममता के लुक ने खींचा। स्टेज पर डांस करते हुए वह ग्लैमरस आउटफिट में नजर आईं, जो 2025 में संन्यास लेने के बाद उनके भगवा कपड़ों वाले आध्यात्मिक रूप से बिल्कुल अलग था। इन वीडियोज को देखकर सोशल मीडिया यूजर्स उनके पुराने बॉलीवुड अवतार में लौटने पर तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

### नेल्लोर के लोगों ने बनवाया ममता का मंदिर

ममता ने कहा, 'नेल्लोर के लोगों ने तो मेरे नाम पर एक मंदिर भी बनवा दिया था और यह खबर 'टाइम' मैगजीन में छपी थी। उसके बाद मैं बॉलीवुड में आया। मेरी पहली हिंदी फिल्म तिरंगा थी। फिर मैंने आशिक आवारा, क्रांतिवीर, सबसे बड़ा खिलाड़ी, आंदोलन, करण अर्जुन, घातक और नसीब जैसी फिल्मों में काम किया। इसलिए, इतने सालों बाद लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड मिलना मेरे लिए बहुत भावुक पल है।' जिंदगी में एक ऐसा समय आता है जब आपको लगता है कि आपको कुछ और खोजने की जरूरत है। मेरी जिंदगी में भी ऐसा ही हुआ। मुझे अपने अंदर से एक आवाज सुनाई दी जो मुझे आध्यात्मिक जीवन की ओर बुला रही थी। मेरे गुरु मेरी जिंदगी में आए और उसके बाद, आध्यात्मिकता की ओर मेरा झुकाव बढ़ता गया।

# इंडियाज बेस्ट डांसर-5 के विनर बने रायपुर के रितेश

नई दिल्ली। रायपुर के रितेश पाल ने कोरियोग्राफर प्रतीक उतेकर के साथ 'इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 5' का खिताब जीता है। उन्होंने अपने कोरियोग्राफर प्रतीक उतेकर के साथ यह शानदार ट्रॉफी जीती। यह सीजन मुश्किल परफॉर्मेंस और यादगार डांस एक्ट्स से भरा हुआ था। इस डांसर ने पूरे सीजन में अपनी अलग-अलग तरह की डांस शैलियों से सबको दिल जीता और तीन बार 'बैटल ट्रॉफी' जीती। रितेश और प्रतीक ने ग्रैंड फिनाले में साथी फाइनलिस्ट दीपाली बोरकर, प्रथमेश माने, अंशिका धारा और गीतांजलि मारवाह को हराकर यह शानदार ट्रॉफी अपने नाम की। इंडियाज बेस्ट डांसर 4 के विनर स्टीव ज्यरवा थे। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के डांस रियलिटी शो 'इंडियाज बेस्ट डांसर 5' की इस बार की थीम 'इंडिया वाला डांस' थी, जिसमें कंटेस्टेंट्स को अलग-अलग डांस स्टाइल आजमाने और अपनी काबिलियत दिखाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। 'इंडियाज बेस्ट डांसर 5' के विनर रितेश पाल ने पूरे कॉम्पिटिशन के दौरान अपने लगातार अच्छे प्रदर्शन और कुछ नया करने की कोशिश से सबको इंप्रेस किया।



### इनामी राशि से मां के लिए घर बनाएंगे

जीत के बाद रितेश का पहला सपना अपने लिए कुछ खरीदने का नहीं है। वह अपनी मां के लिए घर बनाना चाहते हैं। रितेश कहते हैं, 'मुझे एक घर बनाना है, जिसका नाम 'हरि दर्शन' रखना है। मुझे ये नाम बहुत पसंद है। वह घर मैं अपनी मम्मी को देना चाहता हूं। अभी तक मैंने इस बारे में बहुत ज्यादा कुछ प्लान नहीं किया है कि अपने लिए क्या करूंगा। मेरे लिए मम्मी के लिए करना और अपने लिए करना अलग नहीं है। मैं उनके लिए कुछ करता हूं तो मुझे लगता है कि वो मेरे लिए ही है। मैंने इतने साल डांस किया है तो उसका एक सपना ये भी था कि जब मैं कुछ बनूं, जब मैं जीतूं, तो सबसे पहले अपनी मम्मी के लिए कुछ करूं। इसलिए अभी मेरी पहली इच्छा यही है कि उनका अपना घर हो।'

### 'घर वाले कहते थे- डांस छोड़ो भाई के सैलून में काम करो'

रितेश कहते हैं, 'जब मैंने ऑडिशन देना शुरू किया था, तब परिवार का थोड़ा कम साथ मिला था। बाद में जब उनको मेरी ग्रोथ दिखाई दी तो उन्होंने मेरा साथ देना शुरू किया। लेकिन, जब तीन-चार साल हो गए और लगातार रिजेक्शन मिलने लगे तो उनका भी धैर्य जवाब देने लगा था। उन्होंने मुझसे कहा कि भाई के साथ काम कर, हमारा पार्लर है, भाई की मदद कर। डांस से तो कुछ होने वाला नहीं है। घर वाले मुझे कहते थे कि डांस छोड़ और सैलून पर ध्यान दे'। उन्होंने आगे कहा, 'मैंने डांस छोड़ा नहीं। मैं छह दिन डांस करता था और रविवार को भाई के सैलून में उसकी मदद करने जाता था। वहां से मुझे अपनी जेब खर्च के लिए पैसे मिल जाते थे। उस समय मैं ये भी समझता था कि घर वाले अपनी जगह गलत नहीं सोच रहे हैं। उनको लग रहा था कि मैं इतने साल से कोशिश कर रहा हूं और कुछ हो नहीं रहा। लेकिन मेरे मन में डांस छोड़ने का सवाल ही नहीं था। मैं बस यही सोचता था कि एक दिन तो मेरा भी नंबर आएगा।'

## थ्रिलर, कॉमेडी और रोमांच का जमेगा रंग

# इस वीक ओटीटी पर रिलीज होंगी ये दिलचस्प फिल्में और सीरीज

नई दिल्ली। सिनेमाघरों में इस वीक अजय देवगन की 'दृश्यम 3' रिलीज होने जा रही है। पहले से भी कई फिल्में सजी हैं। मगर, ओटीटी पर क्या नया आने वाला है इस सप्ताह? जवाब है- कई दिलचस्प फिल्में और सीरीज, जो कॉमेडी और थ्रिलर से भरपूर होंगी।

### दुपहिया सीजन 2

चर्चित वेब सीरीज 'दुपहिया' अपने दूसरे सीजन के साथ लौट रही है। इस बार धड़कपुर में अफरा-तफरी होने वाली है, क्योंकि वहां क्राइम बढ़ गया है। दुपहिया सीजन 2 को दर्शक 01 अक्टूबर से प्राइम वीडियो पर देख पाएंगे। इस नए सीजन में नई चुनौतियां देखने को मिलेंगी, जो पहले से ज्यादा अफरा-तफरी दिखाएगी। मगर, दर्शकों को कॉमेडी का डोज भी मिलेगा। दुपहिया सीजन 2 का निर्देशन सोनम नायर ने किया है। कास्ट की बात करें तो इसमें गजराज राव, रेणुका शहाणे, स्पर्श श्रीवास्तव, भुवन अरोड़ा, शिवानी रघुवंशी और यशपाल शर्मा नजर आएंगे।



### बेथलहम कुडुम्बा यूनिट



यह मलयालम फिल्म अगस्त में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और दर्शकों से काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिली। अब यह ओटीटी पर आ रही है। निविन पॉली और ममिता बैजू अभिनीत यह फिल्म 02 अक्टूबर से ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

### पूजा मेरी जान

मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले दिनेश विजान और अमर कौशिक द्वारा प्रोड्यूस की गई यह फिल्म भी इस वीक आ रही है। इसमें मृणाल ठाकुर, हुमा कुरैशी और विजय राज हैं। इसमें चैतन्य वियास, विक्रम चौहान और राजेश जैस भी हैं। फिल्म का निर्देशन नवजोत गुलाटी ने किया है। इस फिल्म का प्रीमियर 02 अक्टूबर से जी5 पर होगा।

### लव

बालाजी मोहन निर्देशित यह रॉम-कॉम सीरीज सौंदर्या रजनीकांत ने प्रोड्यूस की है। इसमें ऐश्वर्या लक्ष्मी और अर्जुन दास लीड रोल में हैं। यह सीरीज 02 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इस सीरीज की कहानी डेटिंग एप्स और आधुनिक रिश्तों पर आधारित है।

### डेमन स्लेयर-किमेत्सु नो याइबा इन्फिनिटी कैसल

यह एक जापानी एनिमेशन एक्शन फिल्म है। 'डेमन स्लेयर' सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर आ रही है। यह हिंदी, तमिल और तेलुगु डब वर्जन में 28 सितंबर से नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध हो गई है।

# ईशा, श्रीशंकर और गुलवीर ने भारत को दिलाए सिल्वर मेडल



## विथ्या ने ब्रॉन्ज किया अपने नाम

एजेंसी ▸▸| नागोया

विथ्या रामराज ने महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में कांस्य पदक जीता। विथ्या ने 54.75 सेकेंड के अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ कांस्य पदक जीता और महान धाविका पीटी उषा के चार दशक से अधिक पुराने राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया। उनका मौजूदा खेलों में यह दूसरा पदक है। वह इससे पहले चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाली भारतीय टीम का भी हिस्सा थीं। कोयंबटूर की 28 वर्षीय विथ्या संयुक्त अरब अमीरात की मरियम करीम और कजाखस्तान की एडेलिना जेम्स के बाद तीसरे स्थान पर रहीं। मरियम ने 54.31 सेकेंड के खेलों के रिकॉर्ड समय के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि एडेलिना ने 54.58 सेकेंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ रजत पदक हासिल किया। विथ्या ने उषा के 1984 लॉस एंजिलिस ओलंपिक में बनाए 55.42 सेकेंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। विथ्या ने स्पर्धा के बाद कहा, 'पदक हमारे हाथ में है लेकिन समय हमारे हाथ में नहीं होता। यह दौड़ ना तो कल होगी और ना ही बीते कल हुई थी। आज हमारा दिन था इसलिए मेरा ध्यान पदक पर नहीं बल्कि समय पर था।' उन्होंने कहा, 'मेरे कोच ने कहा था कि हम 54 सेकेंड का समय निकालेंगे।




## गुलवीर ने दौड़ में जीता दूसरा पदक

एजेंसी ▸▸| नागोया

युवा निशानेबाज ईशा सिंह ,लंबी दूरी के धावक गुलवीर सिंह और लंबी कूद में मुरली श्रीशंकर ने एशियाई खेलों में सोमवार को भारत की झोली में रजत पदक डाले हालांकि स्वर्णिम सफलता के करीब पहुंचकर चूकने का सिलसिला जारी रहा। भारत के नाम पर अभी भी चार स्वर्ण पदक ही दर्ज हैं। इसके अलावा उसने 19 रजत और 20 कांस्य पदक सहित कुल 43 पदक हासिल कर लिए हैं और वह पदक तालिका में 12वें स्थान पर है। चीन 130 स्वर्ण, 53 रजत और 45 कांस्य सहित कुल 228 पदक जीतकर शीर्ष पर बना हुआ है। पहले ही 10000 मीटर में रजत पदक जीत चुके गुलवीर ने पुरुषों की 1500 मीटर प्रतियोगिता में 3:36.72 सेकंड के अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ एक और रजत पदक अपने नाम किया। इससे पहले 21 वर्षीय निशानेबाज ईशा ने पांच शूट-ऑफ में से गुजरने के बाद रजत पदक जीता। श्रीशंकर ने लंबी कूद में हांगझोउ खेलों का अपना रजत पदक बरकरार रखा । उन्होंने दूसरे प्रयास में 8 . 07 मीटर की कूद लगाई लेकिन चौथे प्रयास में टखने में चोट लगने के कारण आखिरी दो प्रयास नहीं कर सके।



## चार गुणा 100 मीटर मिश्रित रिले टीम फाइनल में




भारत की चार गुणा 100 मीटर मिश्रित रिले टीम ने एशियाई खेलों में सोमवार को दूसरी हीट में दूसरा स्थान हासिल कर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। गुरिंदरवीर सिंह, अबिनया राजराजन, अनिमेष कुजूर और हरिता भद्रा की चौकड़ी ने 41.54 सेकंड का समय निकाला और चीन (41.52) से पीछे रही। भारतीय टीम ने हीट में कुल मिलाकर थाईलैंड और चीन के बाद तीसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की।

## कुराश : पिंकी बलहारा ने जीता कांस्य



पिंकी बलहारा ने सोमवार को महिला 78 किग्रा से कम भार वर्ग की कुराश स्पर्धा के सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया की सुमिन मो से 0-5 से हारकर कांस्य पदक अपने नाम किया। मुकाबले के दौरान पिंकी को 'डक्की' (पेनल्टी) मिली, जबकि मो ने 'योनबोश' अंक हासिल किया। यह एशियाई खेलों में पिंकी का दूसरा पदक है। उन्होंने 2018 के जकार्ता एशियाई खेलों में महिलाओं के 52 किग्रा से कम भार वर्ग में रजत पदक जीता था। उस खेल में कुराश को पहली बार एशियाई खेलों में शामिल किया गया था। इससे पहले पिंकी ने दक्षिण कोरिया की लिम गाराम को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की थी। इस 27 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने निर्णायक अंक 'चाला' के जरिए हासिल किया, जबकि लिम पूरे मुकाबले में एक भी अंक नहीं जुटा सकीं। 'चाला' तब दिया जाता है, जब खिलाड़ी प्रतिद्वंद्वी को जमीन पर गिराता है, लेकिन इस दांव में पूरा नियंत्रण नहीं होता। पिंकी को प्री-क्वार्टर फाइनल में बाय मिला था।

## मुक्केबाजी : लवलीना प्रिया, कपिल ने किए पदक पक्के

**निशियो।** लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) , प्रिया घंघास (60 किलो) और कपिल पोखरिया (90 किलो) ने मुक्केबाजी स्पर्धा के सेमीफाइनल में पहुंचकर भारत के तीन पदक पक्के कर दिए। लवलीना ने दक्षिण कोरिया की सियोंग सुयोन को क्वार्टर फाइनल में 5-0 से हराया जबकि प्रिया ने ताजिकिस्तान की मिजगोना सामादोवा के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 60 किलो क्वार्टर फाइनल में सर्वसम्मति से लिए गए फैसले में जीत दर्ज की। पोखरिया ने दक्षिण कोरिया के किम गिचाए को पुरुषों के 90 किलो क्वार्टर फाइनल में 5-0 से हराया। इन तीनों के अलावा परवीन हुड्डा (65 किग्रा), अंकुश पंघाल (80 किग्रा) और नरेंद्र बरवाल (90 किग्रा से अधिक) भी भारत के लिए पदक पक्का कर चुके हैं।

## भारत ने बांग्लादेश को हराया, अब सामना पाकिस्तान से

**काकामिगाहारा।** कप्तान हरमनप्रीत सिंह की हैट्रिक की मदद से भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने भारी बारिश के बीच पूल ए के आखिरी मैच में बांग्लादेश को 10-0 से हराकर लगातार पांचवीं जीत दर्ज की और अब सेमीफाइनल में 1 अक्टूबर को सामना पाकिस्तान से होगा। दूसरे सेमीफाइनल में मलेशिया की टक्कर दक्षिण कोरिया से होगी। भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत (27वां, 40वां और 45वां मिनट) ने 3 जबकि शिलानंद लाकड़ा ( 44वां और 45वां) ने 2 गोल किए। अभिषेक ( तीसरा मिनट), जुगराज सिंह (22वां), सुखजीत सिंह (32वां), संजय (59वां) और मनदीप सिंह (60वां) ने एक-एक गोल दागा। भारत ने




इससे पहले इंडोनेशिया को 13-1, दक्षिण कोरिया को 8-2, सिंगापुर को 7-0 और जापान को 2-0 से हराया था।

## पुरुष क्रिकेट : सेमीफाइनल में भारत



**नागोया।** भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम सोमवार को खराब मौसम के कारण अफगानिस्तान के खिलाफ एशियाई खेलों का क्वार्टर फाइनल रद्द होने के बाद मैदान पर उतरे बिना ही सेमीफाइनल में पहुंच गई। गत चैंपियन भारत ने आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर होने के कारण अंतिम चार में जगह बनाई, जबकि अफगानिस्तान 10वें स्थान पर है। भारत का सामना मंगलवार को यहां नेपाल और श्रीलंका के बीच होने वाले क्वार्टर फाइनल के विजेता से होगा।

## खबर संक्षेप



### राजस्थान रेंजर्स टीम की ब्रांड दूत बनीं सानिया

**मुंबई।** किया टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) के आठवें सत्र से पहले राजस्थान रेंजर्स टीम को आरएपीएल समूह ने खरीद लिया है और भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा इस टीम की ब्रांड दूत होगी। पिछले सत्र में सेमीफाइनल तक पहुंची इस टीम के जरिए स्वास्थ्य और वेलनेस क्षेत्र में कार्यरत आरएपीएल समूह ने खेलों में पहला कदम रखा है। सानिया ने टीम से जुड़ने पर कहा,' मैं ऐसी टीम के साथ जुड़कर बहुत खुश हूं, जो प्रतिभा और नई सोच दोनों का सम्मान करती है। भारतीय टेनिस को योजनाबद्ध और दीर्घकालिन निवेश की जरूरत है और यही इस टीम का नजरिया है।' आरएपीएल समूह के प्रबंधन निदेशक सलीम दीवान, अध्यक्ष सत्तार दीवान और उपाध्यक्ष जोनु राणा अब टीम का प्रबंधन देखेंगे जबकि आस्ट्रेलियाई टेनिस स्टार रिंकी हिजीकाता अंतरराष्ट्रीय मारकी खिलाड़ी के तौर पर शामिल होंगे ।

### एशियाई खेलों से बाहर होने से आहत हुई सिंधू

**नागोया।** पीवी सिंधू एशियाई खेलों से निराशाजनक तरीके से बाहर होने के बाद आहत हैं लेकिन इस हार के दर्द ने उनके कुछ और हासिल करने के संकल्प को और मजबूत कर दिया है। सिंधू ने अपनी कमियों पर काम करने का वादा करते हुए कहा कि ' एक निराशाजनक नतीजा उस सफर को परिभाषित नहीं कर सकता, जो मेरे लिए इतना मायने रखता है।' सिंधू का अभियान रविवार को चीन की चेन यूफेई के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में हार के साथ समाप्त हुआ। सिंधू ने 'एक्स' पर लिखा, ' इसे शब्दों में बयां करने के लिए मुझे थोड़ा समय चाहिए था। मेरा एशियाई खेलों का अभियान समाप्त हो गया है और मैं आहत हूं। क्वार्टर फाइनल में मुकाबला अपने पक्ष मेंकरने से मैं तीन अंक दूर थी। मैं बार-बार उन्हीं तीन अंकों के बारे में सोच रही हूं।'

# 17 साल के लक्ष्य ने पार किया 247 गेंद में 200 रन का आंकड़ा

## पहला टेस्ट : भारत अंडर 19 ने ऑस्ट्रेलिया पर बनाई बढ़त

एजेंसी ▸▸| राजकोट

लक्ष्य रायचंदानी ने जुलाई से यूथ टेस्ट में तीन मैच खेले हैं और तीनों में शतक बनाए हैं। भारत के युवा बल्लेबाज लक्ष्य रायचंदानी का अंडर 19 टीम के लिए शानदार खेल जारी है। उन्होंने 28 सितंबर को ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 के खिलाफ पहले यूथ टेस्ट में शतक बनाया।

लक्ष्य रायचंदानी का यह इस टीम के खिलाफ लगातार दूसरा शतक है। उन्होंने पांच दिन पहले यूथ वनडे में भी सैकड़ा बनाया था और नाबाद 110 रन की पारी खेली थी। लक्ष्य दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दोहरा शतक लगा चुके थे। उन्होंने 247 गेंद में 200 रन का आंकड़ा पार किया।



### लक्ष्य ने 196 गेंद में पूरे किए 150 रन

लक्ष्य ने पहले यूथ टेस्ट के दूसरे दिन पारी का आगाज करते हुए 139 गेंद में 12 चौकों व दो छक्कों से 100 रन का आंकड़ा पार किया। उनकी पारी के दम पर भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 के पहली पारी के स्कोर से आगे निकलने में सफल रहे। लक्ष्य ने बाद में 196 गेंद में 150 रन पूरे किए। उन्होंने शतकीय पारी के दौरान कप्तान यशबर्धन चौहान (54) के साथ तीसरे विकेट के लिए 124 रन की साझेदारी की। फिर निचले क्रम के बल्लेबाजों के साथ मिलकर भारतीय टीम को 300 के पार पहुंचा दिया। लक्ष्य ने छठे विकेट के लिए मानव कृष्णा (25) के साथ 45, सातवें विकेट के लिए अयान अकरम (26) के साथ 51 रन जुटाए।

# पाकिस्तान टूर से बाहर हुए धाकड़ बल्लेबाज बटलर

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



जोस बटलर के लिए चोट ने मुश्किलें बढ़ा दी हैं और इसका असर इंग्लैंड की आने वाली बड़ी सीरीज पर पड़ सकता है। श्रीलंका के खिलाफ मैच में हैमस्ट्रिंग चोटिल होने के बाद बटलर पाकिस्तान में होने वाली वनडे ट्राई सीरीज से बाहर हो गए हैं।

इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैक्कलम के मुताबिक बटलर का अक्टूबर में पाकिस्तान दौरे पर लौटना संभव नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक, नवंबर में होने वाले ऑस्ट्रेलिया के व्हाइट-बॉल दौरे पर भी उनके खेलने की संभावना बेहद कम बताई जा रही है। बटलर को श्रीलंका के खिलाफ 24 सितंबर को हेडिंग्ले में खेले गए दूसरे वनडे मुकाबले के दौरान हैमस्ट्रिंग में परेशानी हुई थी। चोट लगने के बाद वह पहले रिटायर्ड हर्ट हुए, हालांकि कुछ समय बाद दोबारा बल्लेबाजी के लिए मैदान पर लौटे थे।

फुटबॉल

# मेस्सी का हैरतअंगेज गोल फ्री किक में किया कमाल



एजेंसी ▸▸| कोलंबस

इंटर मियामी सीएफ को एमएलएस रेगुलर सीजन के मुकाबले में अपने घरेलू मैदान पर कोलंबस क्रू के खिलाफ 1-2 से हार का सामना करना पड़ा।

स्कॉट्स मिरेकल-ग्रो फील्ड में खेले गए इस मैच में इंटर मियामी के कप्तान लियोनेल मेस्सी ने शानदार फ्री-किक के जरिए टीम का एकमात्र गोल किया। हालांकि, मेसी के गोल के बावजूद उनकी टीम हार टाल नहीं सकी। कोलंबस क्रू ने मैच के 28वें मिनट में पेनल्टी के जरिए पहला गोल कर बढ़त बना ली। हालांकि, इंटर मियामी ने सिर्फ 5 मिनट बाद शानदार वापसी की। कप्तान लियोनेल मेस्सी ने मैदान के दाहिने छोर से मुश्किल एंगल पर मिली फ्री-किक को गोल में बदलकर स्कोर 1-1 कर दिया।

### मेस्सी ने दागा सीजन का 21वां गोल

मेस्सी का यह सीजन का 21वां गोल था। इसके साथ ही उन्होंने 2026 एमएलएस गोल्डन बूट की दौड़ में अपनी बढ़त और मजबूत कर ली। दूसरे हाफ में इंटर मियामी की ओर से एक खिलाड़ी ने डेब्यू किया। हाल ही में टीम से जुड़े ब्राजील के विंगर रिकेल्मे फिलिपी 71वें मिनट में फाकुंडो मुरा की जगह मैदान पर उतरे और क्लब के लिए अपना पहला मैच खेला। मैच के आखिरी पलों में कोलंबस क्रू ने स्टॉपेज टाइम में गोल करते हुए मैच में 2-1 की बढ़त बनाई और जीत दर्ज की। इस हार के बावजूद, इंटर मियामी का इस एमएलएस रेगुलर सीजन में प्रदर्शन अब तक अच्छा रहा है। टीम ने 12 जीत, पांच हार और 10 ड्रॉ के साथ 46 अंक जुटाए हैं। इसी के साथ वह ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस की अंक तालिका में तीसरे स्थान पर बनी हुई है। मौजूदा एमएलएस एमवीपी अवॉर्ड और गोल्डन बूट विजेता लियोनेल मेस्सी इस सीजन शानदार फॉर्म में हैं।

## अपने ही कप्तान से भिड़े डिकॉक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में बवाल

**जोहानसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे सीरीज के दूसरे मैच में क्विंटन डिकॉक अपने टीम के कप्तान टेम्बा बावुमा से भिड़ गए। उन्होंने एक डीआरएस के फैसले को लेकर बहस कर ली। दोनों खिलाड़ियों के बीच बहस का वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



वीडियो में देखा जा सकता है कि दक्षिण अफीकी गेंदबाज विलियम्स की गेंद बार्टलेट के पैड पर लगी थी। इसके बाद दक्षिण अफ्रीकी टीम अपील कर रही थी। अंपायर ने आउट नहीं दिया तो विकेटकीपर डिकॉक चिल्लाने लगे। डिकॉक का चिल्लाना टेम्बा बावुमा को पसंद नहीं आया।

# ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज नहीं खेलेंगे लुंगी एनगिडी

## साउथ अफ्रीका स्क्वाड का ऐलान, नॉर्खिया टीम में शामिल

एजेंसी ▸▸| जोहानसबर्ग

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3 मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए साउथ अफ्रीका ने प्रारंभिक स्क्वाड की घोषणा कर दी है। इसमें एनरिक नॉर्खिया का नाम शामिल है, जो मार्च 2023 से टेस्ट नहीं खेले हैं। कगिसो रबाडा का भी चयन हुआ है, लेकिन उनकी उपलब्धता पर संशय है। यह ग्रुप 1 अक्टूबर को डरबन में इकट्ठा होगा, जहां 9 अक्टूबर से सीरीज शुरू होगी। रबाडा के अलावा लुंगी एनगिडी, क्वेना मफाका, ओटनील बार्टमैन और लुथो सिपाम्ला सभी हैमस्ट्रिंग की चोट से जूझ रहे हैं। इसके कारण उनका चयन नहीं हुआ है। रबाडा और नॉर्खिया के अलावा प्रारंभिक स्क्वाड में कॉर्बिन बॉश, गेराल्ड कोएत्जी, मार्को यानसेन, वियान मुल्डर और डेन पैटरसन चुने गए हैं। कोएत्जी ने नवंबर 2024 के बाद से टेस्ट नहीं खेला है। डेवाल्ड ब्रेविस भी बाहर हैं।



### एकरमैन का पहली बार चयन

टीम में सिर्फ एक अनकैप्ड खिलाड़ी टॉप-ऑर्डर के बल्लेबाज मार्केस एकरमैन हैं, जिन्होंने साउथ अफ्रीका ए के लिए 1000 से ज्यादा रन बनाए हैं। वह टॉप तीन में जगह बनाने के लिए टोनी डी जोरजी, ट्रिस्टन स्टब्स और मुल्डर को टक्कर देंगे। हालिया फॉर्म को देखते हुए एकरमैन उनसे आगे निकल सकते हैं।

## यूनान के खिलाड़ी कुर्बेलिस ने किया इकलौता गोल, स्टेडियम में पसरा सन्नाटा

# नेशंस लीग: यूनान ने जर्मनी को हराकर किया उलटफेर

एजेंसी ▸▸| लंदन

दिमित्रिस कुर्बेलिस के गोल की बदौलत यूनान ने नेशंस लीग फुटबॉल में जर्मनी को उसके घरेलू मैदान पर 1-0 से हराकर उलटफेर किया। जुर्गेन क्लॉप के कोच बनने के बाद जर्मनी की यह पहली हार है।

यूनान के स्थानापन्न खिलाड़ी कुर्बेलिस ने 74वें मिनट मैच का इकलौता गोल किया, जिससे ऑग्सबर्ग में स्टेडियम के अंदर सन्नाटा पसर गया। क्लॉप के मार्गदर्शन में जर्मनी ने गुरुवार को अपने पहले मैच में नीदरलैंड्स के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला था। यूनान के खिलाफ जर्मनी ने पहले हाफ में दबदबा बनाए रखा लेकिन दूसरे हाफ में मेहमान टीम ने आक्रामक रुख अपनाया और कुर्बेलिस ने गोल कर घरेलू दर्शकों को स्तब्ध कर दिया। जर्मनी अब गुरुवार को म्यूनिख में सर्बिया का सामना करेगा।



### पुर्तगाल ने नॉर्वे को उसके घर में दी मात

दिग्गज क्रिस्टियानो रोनाल्डो को स्थानापन्न खिलाड़ियों की सूची में रहना पड़ा, लेकिन पुर्तगाल ने नॉर्वे को उसके घर में 2-1 से हराया। ओस्लो में खेले गए मैच में जोआओ फेलिक्स ने लगातार दूसरे मैच में गोल करते हुए पुर्तगाल को 17वें मिनटमें बढ़त दिलाई। नॉर्वे के दिग्गज एर्लिंग हालांड ने कई मौके गंवाए, लेकिन 51वें मिनट में आखिरकार बराबरी का गोल कर दिया। यह नॉर्वे के लिए 57 मैचों में उनका 65वां गोल था। रोनाल्डो की जगह खेल रहे गोंसालो रामोस ने तीन मिनट बाद ही पुर्तगाल को फिर बढ़त दिला दी। उन्होंने नॉर्वे के गोलकीपर ओर्जान नीलांड के खराब पास को बीच में रोककर गोल किया।

### भारत-यूएई उच्च स्तरीय संयुक्त कार्यबल की 14वीं बैठक मुंबई में आयोजित

# युद्ध या आपदा में भी नहीं रुकेगी ईंधन की सप्लाई, भारत ने यूएई से की बड़ी डील! 100 अरब डॉलर के निवेश की बना डाली योजना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत इन दिनों लगातार अपने व्यारिक रिश्तों को मजबूती दे रहा है और देश में नए-नए इन्वेस्टमेंट लाने का प्रयास कर रहा है। अब केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एक और खुशखबरी दी है। उन्होंने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) भारत में जल्द ही 25 अरब डॉलर का नया निवेश कर सकता है। इसके साथ ही दोनों देश ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार, एलपीजी,एलएनजी और समुद्र के नीचे गैस पाइपलाइन परियोजनाओं पर भी काम कर रहे हैं।

*यूएई भारत में जल्द ही 25 अरब डॉलर का निवेश करेगा*

*दोनों देश गैस पाइपलाइन पर भी काम करने को सहमत*

*यूएई ने भारत के ईंधन क्षेत्र में बड़े निवेश की तैयारी की*

### 100 अरब डॉलर के निवेश की तैयारी



बैठक के बाद सामूहिक तस्वीर ली गई

मुंबई में आयोजित भारत-यूएई इन्वेस्टमेंट टास्क फोर्स की 14वीं बैठक के बाद पीयूष गोयल ने कहा कि यूएई अब तक भारत में 25 अरब डॉलर का निवेश कर चुका है। अब उसने निकट भविष्य में 25 अरब डॉलर और निवेश करने की इच्छा जताई है। दोनों देशों का लक्ष्य भविष्य में यूएई के कुल निवेश को 100 अरब डॉलर तक पहुंचाना है।

### ऊर्जा सुरक्षा के लिए नए सहयोग के रास्ते

पीयूष गोयल ने आगे कहा कि यूएई भारत का भरोसेमंद साझेदार है और दोनों देश ऊर्जा सुरक्षा के क्षेत्र में नए सहयोग के अवसर तलाश रहे हैं। भारत में रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार के विस्तार में संयुक्त अरब अमीरात की भागीदारी बढ़ाने पर स्टडी चल रही है। उन्होंने आगे कहा कि इस क्षेत्र में यूएई से निवेश में रिकॉर्ड बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार किसी भी आपात स्थिति या वैश्विक आपूर्ति संकट के दौरान देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण माने जाते हैं।

### एलपीजी और एलएनजी सप्लाई बढ़ाने पर चर्चा

भारत यूएई को एलपीजी (रसोई गैस) और एलएनजी के बड़े आपूर्तिकर्ता के रूप में विकसित करने की संभावनाएं भी तलाश रहा है। इसके लिए दोनों देशों के बीच ऊर्जा व्यापार बढ़ाने पर बातचीत जारी है। पीयूष गोयल ने बताया कि भारत और यूएई समुद्र के नीचे गैस पाइपलाइन बिछाने की संभावना का भी स्टडी कर रहे हैं। इस तरह की पाइपलाइन के जरिए गैस का परिवहन किया जा सकेगा और भारत में गैस भंडारण क्षमता को भी मजबूत किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य भारत की ऊर्जा आपूर्ति को अधिक सुरक्षित, स्थिर और संकटों के प्रति लचीला बनाना है। पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव और ऊर्जा बाजार की अनिश्चितताओं के बीच यह पहल भारत की ऊर्जा सुरक्षा रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा मानी जा रही है।

---

## खबर संक्षेप

### अमेरिका जा रहे तीन भारतीयों का अपहरण



**अहमदाबाद।** गैरकानूनी तरीके से अमेरिका जा रहे तीन भारतीयों का इथियोपिया में किडनैप कर लिया गया है। तीनों गुजरात के रहने वाले हैं। इनमें दो लड़कियां और एक युवक शामिल है। तीनों 20 सितंबर को गुजरात से रवाना हुए थे। इसी बीच इथियोपिया पहुंचते ही तीनों का अपहरण कर लिया गया। अपहरणकर्ताओं ने तीनों की रिहाई के बदले में इनके परिवार से एक करोड़ रुपए की फिरौती मांगी थी। तीनों के परिवार वालों ने फिरौती की रकम दे दी है।

### द. अफ्रीका में दो जगह गोलीबारी, 27 की मौत



**जोहान्सबर्ग।** अंधाधुंध गोलीबारी के चलते दक्षिण अफ्रीका में 27 लोगों की मौत हो गई। एक घटना जोहान्सबर्ग में हुई जिसमें 17 लोगों की मौत हुई। वहीं दूसरी घटना केपटाउन में हुई जिसमें 10 लोग मारे गए। पुलिस के अनुसार जोहान्सबर्ग के गौतेंग में बेडेला टाउनशिप में शनिवार रात करीब 9:30 बजे गोलीबारी हुई। वहीं केपटाउन के ल्वांडले इलाके में रविवार सुबह गोलीबारी हुई। जोहान्सबर्ग में हुई गोलीबारी का वीडियो आया है।

---

### बीते 9 महीनों में 475 करोड़ मूल्य के 318 किलोग्राम सोने का हुआ लेन-देन

# डीआरआई ने 10.36 करोड़ का गोल्ड किया जब्त, 11 आरोपी हुए गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**»** *दिल्ली, कोलकाता, अहमदाबाद और गुवाहाटी में एकसाथ समन्वित अभियान चलाकर तस्करी सिंडिकेट का पर्दाफाश किया*

**»** *बांग्लादेश सीमा के रास्ते लाए गए लगभग 6.61 किलो विदेशी, सोना जब्त , जिनकी बाजार कीमत 10.36 करोड़ से अधिक है*

राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने संगठित सोना तस्करी पर निरंतर कार्रवाई करते हुए, पूरे भारत में फैले सोना तस्करी सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में लगभग 10.36 करोड़ रुपये कीमत का 6.61 किग्रा. विदेशी तस्करी वाला सोना जब्त किया गया है। यह सिंडिकेट कूरियर नेटवर्क के माध्यम से काम करता था। पिछले नौ महीनों में कूरियर चैनलों के जरिए 475 करोड़ रुपये का 318 किग्रा. तस्करी वाला सोना ट्रांसपोर्ट कर चुका था। इस केस में एक मास्टरमाइंड समेत ग्यारह लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

### बंगाल और असम बॉर्डर से देशभर में पहुंच रहा था सोना



जब गोल्ड का किया गया वजन

पश्चिम बंगाल और असम में भारत-बांग्लादेश सीमा के माध्यम से विदेशी सोने की नियमित तस्करी और फिर कूरियर खेप के माध्यम से देश के अलग-अलग हिस्सों में इसके आवागमन के बारे में विशिष्ट सूचना पर कार्रवाई करते हुए, डीआरआई ने 23-24 सितम्बर, 2026 को एक समन्वित मल्टी-सिटी अभियान चलाया। मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, अहमदाबाद और गुवाहाटी में एक साथ इंटरसेप्शन और सर्च किए गए। अभियान के दौरान, गुवाहाटी और कोलकाता से मुंबई, दिल्ली और अहमदाबाद में डिलीवरी के लिए बुक किए गए तस्करी वाले सोने से भरे कूरियर खेप को इंटरसेप्ट किया गया।

### छोटे-छोटे पैकेट में बांटकर भेजते थे सोना

कंसाइनमेंट पाने वालों में से सात को पकड़ा गया, जबकि कोलकाता में कंसाइनर/शिपर के ठिकानों पर एक साथ तलाशी लेने पर तीन और लोगों को पकड़ा गया। त्वरित अनुवर्ती कार्रवाई में तस्करी वाला सोना भेजने और डिलीवरी करने वाले मास्टरमाइंड में से एक को भी मुंबई में पकड़ लिया गया। जांच में पता चला कि सिंडिकेट तस्करी वाले सोने को कई छोटे कूरियर खेपों में बांट रहा था, ताकि उसे गुवाहाटी और कोलकाता से मुंबई, दिल्ली और अहमदाबाद में अलग-अलग लोगों तक पहुंचाया जा सके।

### कागजों पर बनी कंपनियों और लोगों का इस्तेमाल

मकसद, इस सोने को घरेलू बाजारों में बेचना था। कंसाइनर/शिपर और पाने वाले कागजी लोग निकले। उनके पास सोने के लेन-देन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं था। इससे पता चलता है कि तस्करी वाले सोने को छिपाने और बांटने के लिए जानबूझकर कूरियर नेटवर्क का इस्तेमाल किया गया था। इंटरसेप्ट किए गए कंसाइनमेंट से कुल 6.61 किग्रा.विदेशी सोना बार के रूप में बरामद किया गया, जिसकी कीमत लगभग 10.36 करोड़ रुपए है। इसे सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के संबंधित नियमों के तहत जब्त कर लिया गया। इस गिरोह से जुड़े ग्यारह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दस्तावेजी साक्ष्यों की जांच से पता चला है कि सिंडिकेट का काम बहुत बड़ा है। इस कैलेंडर वर्ष के मात्र नौ महीनों में, लगभग 318 किग्रा. तस्करी किया हुआ सोना, जिसकी कीमत लगभग 475 करोड़ रुपए है, उसी कूरियर-आधारित नेटवर्क के जरिए पहले ही ट्रांसपोर्ट और डिलीवर किया जा चुका था। केस में आगे की जांच चल रही है। यह अभियान आपूर्ति श्रृंखला के हर चरण में संगठित सोना-तस्करी नेटवर्क को रोकने पर डीआरआई के निरंतर फोकस को प्रदर्शित करता है।

---

### इस्लामाबाद में हुआ भारत-पाक का आमना सामना

# झूठी बयानबाजी करने वाले पाक को भारत ने दिखाया था आईना



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के हालिया संपन्न हुए 81वें वार्षिक सत्र के दौरान आतंकवाद को लेकर नई दिल्ली पर झूठे और बेबुनियाद आरोप लगाने वाले पाकिस्तान से भारत का आमना-सामना अब और कहीं नहीं बल्कि इस्लामाबाद में हो रहा है। मौका है पाकिस्तान द्वारा 2026-27 में की जाने वाली शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की अध्यक्षता का। जिसके तहत उसने संगठन के काउंसिल ऑफ नेशनल कोऑर्डिनेटर की पहली तीन दिवसीय बैठक का आयोजन अपनी राजधानी में किया है। भारत की तरफ से इसमें भाग लेने के लिए विदेश मंत्रालय के बहुपक्षीय आर्थिक संबंधों से जुड़े विभाग के संयुक्त सचिव आलोक डिमरी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार सुबह इस्लामाबाद पहुंच गया है। आलोक एससीओ में भारत के राष्ट्रीय समन्वयक भी हैं।

### शिखर सम्मेलन में जाएंगे पीएम मोदी?

पाकिस्तान द्वारा अगले साल अगस्त-2027 में एससीओ का शिखर सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। जिसे लेकर पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय का कहना है कि वह इस बाबत भारत सहित अन्य साझेदार देशों के राष्ट्राध्यक्षों को आमंत्रित करेगा। यहां बता दें कि भारत और पाकिस्तान 2017 में एससीओ के स्थायी सदस्य बने थे। दोनों एससीओ के सभी आयोजनों, बैठकों में भी समान रूप से हिस्सेदारी करते हैं। पूर्व में चीन के तियानजिन शहर में आयोजित किए गए समूह के शिखर सम्मेलन में पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की गई थी। भारत इस महत्वपूर्ण वैश्विक संगठन के मंच से लगातार पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित किए जा रहे सीमापार आतंकवाद का विरोध करता रहा है। वहीं, यहां ये भी स्पष्ट कर दें कि नई दिल्ली की तरफ से एससीओ शिखर सम्मेलन में किसकी भागीदारी होगी।

---

### 11 अक्टूबर तक भारत-कजाकिस्तान संयुक्त सैन्य अभ्यास चलेगा

# कजिंद-2026 में हिस्सा लेने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों का 60 सदस्यीय दल रवाना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और कजाकिस्तान की सेनाएं एक बार फिर संयुक्त सैन्य अभ्यास के मैदान में साथ आ रही हैं। 'कजिंद-2026' में हिस्सा लेने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों का 60 सदस्यीय दल सोमवार को कजाकिस्तान के ओस्केमेन के लिए रवाना हो चुका है। यह अभ्यास 28 सितंबर से 11 अक्टूबर 2026 तक चलेगा और इसका नौवां संस्करण है।

अभ्यास का मुख्य फोकस संयुक्त राष्ट्र के अधीन उप-पारंपरिक परिस्थितियों में संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभियान है। दोनों देशों की सेनाएं अर्ध-शहरी और पहाड़ी इलाकों में छापेमारी, खोज और विनाश अभियान तथा घेराबंदी व तलाशी जैसे कई अभियानों का अभ्यास करेंगी। सैनिक मिलकर योजना बनाएंगे और उसे मैदान में लागू करेंगे। हवाई आवागमन पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। सेना के अनुसार, भारतीय दल में मुख्य रूप से गढ़वाल राइफल्स की एक बटालियन के जवान शामिल हैं। इनके साथ अन्य सैन्य शाखाओं, सेवाओं और भारतीय वायुसेना के कर्मी भी हिस्सा ले रहे हैं। कजाकिस्तान की ओर से भी लगभग समान संख्या में सैनिक भाग लेंगे, जिनमें मुख्य रूप से थल सेना के जवान हैं। अभ्यास के दौरान मानवरहित हवाई प्रणालियों (यूएवी) और उनके हमले रोकने वाली प्रणालियों का एकीकृत इस्तेमाल किया जाएगा।


सामूहिक तस्वीर

---

### चीरबासा में मलबा और पत्थर गिरे

# केदारनाथ पैदल मार्ग बंद, सोनप्रयाग गौरीकुंड से आगे यात्रियों को रोका गया

एजेंसी ▶▶ रुद्रप्रयाग

केदारनाथ पैदल मार्ग पर गौरीकुंड से करीब ढाई किलोमीटर आगे चीरबासा के पास सोमवार को एक बार फिर मलबा और पत्थर आने से रास्ता पूरी तरह अवरुद्ध हो गया। स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने सोनप्रयाग और गौरीकुंड से केदारनाथ धाम की ओर यात्रियों की आवाजाही रोक दी है। वहीं, धाम से लौट रहे यात्रियों को बीच के पड़ावों पर ही रोका जा रहा है। जानकारी के अनुसार, चीरबासा के पास सोमवार सुबह से पैदल मार्ग के सुधारीकरण और मरम्मत का कार्य चल रहा था। इस दौरान धाम से लौट रहे श्रद्धालुओं को सुरक्षित पार भी कराया जा रहा था। इसी बीच बारिश शुरू हो गई और दोबारा मलबा व पत्थर आ जाने से मार्ग बंद हो गया। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि लगातार बारिश के कारण मार्ग पर दोबारा मलबा और पत्थर आए हैं। यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सोनप्रयाग और गौरीकुंड से आगे यात्रा रोकी गई है। मार्ग की स्थिति सामान्य होने के बाद ही आगे की आवाजाही पर निर्णय लिया जाएगा।



---

### आज होगा नौसेना का कमांडर सम्मेलन

# समुद्री 'सुरक्षा और ऊर्जा आपूर्ति' पर करेंगे मंथन, रक्षा मंत्री भी होंगे शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच भारतीय नौसेना का शीर्ष नेतृत्व 29 सितंबर से शुरू हो रहे तीन दिवसीय द्विवार्षिक सम्मेलन में ऊर्जा सुरक्षा सहित भारत के समुद्री हितों की रक्षा करने में अपने योगदान और अपनी अभियानगत तैयारियों की व्यापक समीक्षा करेगा।

अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। नौसेना के शीर्ष स्तर के कमांडर सम्मेलन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल एन.एस. राजासुब्रमणि और नौसेना प्रमुख एडमिरल कृष्ण स्वामीनाथन शामिल होंगे। सेनाध्यक्ष जनरल धीरज सेठ भी सम्मेलन में प्रतिभागियों से संवाद करेंगे। नौसेना का यह द्विवार्षिक सम्मेलन 29 सितंबर से एक अक्टूबर तक यहां नौसेना भवन में आयोजित किया जाएगा।



नौसेना के एक प्रवक्ता ने कहा, नौसेना के शीर्ष स्तर के मंच के रूप में यह सम्मेलन देश के विभिन्न हिस्सों में तैनात संचालन और क्षेत्रीय कमांडर सहित नौसेना के शीर्ष नेतृत्व को सैन्य-रणनीतिक स्तर पर अभियानगत तैयारियों की व्यापक समीक्षा करने तथा एक संस्थागत तंत्र के माध्यम से वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के साथ जुड़ने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन पश्चिम एशिया में जारी संघर्षों के बीच 'ऊर्जा सुरक्षा' सहित भारत के समुद्री हितों की रक्षा में नौसेना के योगदान को रेखांकित करने में 'महत्वपूर्ण' भूमिका निभाएगा। नौसेना ने कहा कि उसके द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन ऊर्जा सुरक्षा' का दृढ़ संचालन और एक विश्वसनीय समुद्री बल के रूप में उसका उभरना, हिंद महासागर क्षेत्र और उससे परे 'पसंदीदा सुरक्षा भागीदार' के रूप में उसकी स्थिति को और मजबूत करता है।

---

### इंडियन कोस्ट गार्ड ने समुद्र में टाला बड़ा हादसा, बैलास्ट टैंक में पानी भरने के बाद भेजा संकट संदेश

# आधा झुके 9 हजार मीट्रिक टन पाम ऑयल लिए टैंकर को तटरक्षकबल ने पहुंचाई मदद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बीते रविवार सुबह करीब 7 बजकर 30 मिनट पर ओडिशा के पारादीप तट के पास मध्य-अमेरिका के उत्तर पूर्वी तट पर स्थित बेलीज देश के ध्वज वाले एक केमिकल टैंकर 'एमटी सीगल-9' और उसमें सवार 23 लोगों के लिए भारतीय तटरक्षकबल ने देवदूत बनकर मदद पहुंचाई है। ये घटना पारादीप तट से 37 समुद्री मील दूर पूर्व और दक्षिण पूर्व में हुई। जिसमें चालक दल के 23 सदस्यों के साथ 9 हजार मीट्रिक टन पाम ऑयल लिए टैंकर के मुख्य इंजन में खराबी और बैलास्ट टैंक में पानी भरने की वजह से यह एक ओर खतरनाक रूप से आधा झुक गया था। आपात मदद के लिए संदेश भेजा, तटरक्षकबल ने त्वरित आधार पर कार्रवाई की। तटरक्षकबल ने सोमवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है।

### पोत पर लगाए पानी निकालने वाले पंप

तटरक्षकबल ने विश्वस्त पोत को इस अभियान के लिए घटनास्थल की ओर रवाना किया। जिसमें विशेषज्ञ क्षति नियंत्रण दल ने समुद्र में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बीच आधे झुके हुए टैंकर पर सवार होकर सबसे पहले पानी निकालने के लिए पंप लगाए और फिर जरूरी उपकरणों की मदद से रिसाव को तेजी के साथ नियंत्रित किया। इसके अलावा दो क्षतिग्रस्त समुद्री जल पाइपलाइनों को बंद किया, तीसरी के रिसाव को नियंत्रित किया गया। विश्वस्त पोत के दल और टैंकर के चालक दल के बीच मजबूत समन्वय के जरिए एक साथ कार्गो स्थानांतरण, जलनिकासी अभियान चलाया गया। तमाम प्रयासों से टैंकर को स्थिर किया। जिसके बाद उसके पलटने का खतरा फिलहाल टल गया है।

**बंगाल की खाड़ी में विदेशी टैंकर को बचाया, 23 क्रू मेंबर सुरक्षित** | **ओडिशा के पारादीप तट से 37 समुद्री मील दूर हुई घटना**


फाइल फोटो

### इस तरह चला रेस्क्यू ऑपरेशन प्रयास रंग लाए

- इंडियन कोस्ट गार्ड (आईसीजी) के मुताबिक इस ऑपरेशन के लिए उस जहाज पर उसकी स्पेशलिस्ट डैमेज कंट्रोल टीम उतरा गई।
- पहले बैलस्ट टैंक से पानी निकालने के लिए सबमर्सिबल पंप का इस्तेमाल किया गया।
- झुकते जा रहे विदेशी जहाज को स्थिर करने के लिए क्षतिग्रस्त समुद्री पाइपलाइनों को सील किया गया।

---

### भारतीय दवाओं को अमेरिका में राहत

# चुनिंदा दवाएं और कच्चे माल पर नहीं लगेगा टैरिफ

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका ने भारत की चुनिंदा दवाओं और दवा निर्माण सामग्री को जीरो टैरिफ वाली सूची में शामिल किया है। इससे अमेरिका को दवा सप्लाई करने वाले भारतीय फार्मा सेक्टर को राहत मिल सकती है। यूएस कॉमर्स डिपार्टमेंट ने यह सूची ऐसे समय जारी की है, जब वॉशिंगटन आज मंगलवार से कुछ पेटेंटेड फार्मास्युटिकल आयात और उनसे जुड़ी सामग्री पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की तैयारी में है। यह छूट भारत से भेजे जाने वाले हर उत्पाद पर लागू नहीं होगी। यह केवल अप्रैल में जारी राष्ट्रपति के आदेश में बताई गई खास दवाओं और सामग्री के लिए है। योग्य उत्पादों में ऑरफन ड्रग्स, न्यूक्लियर दवाएं, प्लाज्मा से बनी थेरेपी, फर्टिलिटी दवाएं, सेल थेरेपी, जीन थेरेपी और एंटीबॉडी-ड्रग कॉन्जुगेट्स शामिल हैं। रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल और न्यूक्लियर खतरों से जुड़े मेडिकल काउंटरमेजर और पशु स्वास्थ्य के कुछ उत्पाद भी सूची में हैं।



स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक गजेंद्र सिंह राठौड़ के लिए, मुद्रक ताराचन्द कुमावत, महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नंबर 17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर (राज.) 302012 से मुद्रित व 12सी, श्री राम नगर विस्तार, स्कीम 12 सी, झोटवाड़ा, जयपुर 331403 (राजस्थान) से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा)। समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No.: RJBIL/26/A5611, प्रबंध सम्पादक- गजेंद्र सिंह राठौड़, मो. 9461119998, E-mail: info@zoomnews.in